Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 306 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 05 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जब हमारे जीवन में अहिंसा आ जायेगा, तो हमारा जीवन लहलहा जायेगा।

When nonviolence rises in our life from within then then outword life will flaurish.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**लोकसभा चुनाव-2024** ‘विजय भाषण’ में बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## दुनिया के सबसे बड़े ‘लोकतंत्र की जीत’

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की. चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय पहुंचे. जहां पीएम मोदी विजय चिन्ह दिखाते नजर आए. बीजेपी मुख्यलय में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भी मुस्कान नजर आई. प्रधानमंत्री मोदी की बगल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठे नजर आए. इस दौरान दोनों नेता किसी मुद्दे पर बातचीत करते नजर आए, इस दौरान दोनों काफी खुश दिखाई दिए.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विजय भाषण में कहा कि, आपका ये स्नेह आपका ये प्यार इस आशीर्वाद के लिए मैं सभी देशवासियों की ऋणी हूं. आज बड़ा मंगल है और इस पावन दिन एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बननी तय है. पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जनता जनार्दन के बहुत आभारी है. देशवासियों ने भाजपा पर एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है. आज की ये विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है. ये भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा की जीत है. ये विकसित भारत के प्रण की जीत है. ये सबका साथ सबका विकास इस मंत्र की जीत है. ये 140 करोड़ भारतीयों की जीत है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं आज देश के चुनाव आयोग का भी अभिनंदन करूंगा. चुनाव आयोग ने दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव इतनी कुशलता से संपन्न कराया.



करीब 100 करोड़ मतदाता, 11 लाख पोलिंग स्टेशन 1.5 करोड़ मतदान कर्मी, 55 लाख वोटिंग मशीनें, हर कर्मचारी ने इतनी प्रचंड गर्मी में अपने दायित्व को बखूभी निभाया. हमारे सुरक्षा कर्मियों ने अपने शानदार कर्तव्य का परिचय दिया. पीएम मोदी ने कहा कि भारत के चुनाव के इस पूरी सिस्टम और चुनाव प्रक्रिया की क्रेडिबिलिटी पर हर भारतीय को गर्व है. मैं देशवासियों को कहूंगा, मैं इंफ्लूएंसर्स को कहूंगा, मैं ओपिनियन मेकर्स को कहूंगा कि भारत के लोकतंत्र में ये चुनाव प्रक्रिया की ताकत है, ये अपने आप में बहुत बड़ा गौरव का विषय है, भारत की पहचान को चार चांद लगाने की वाली बात है. ऐसे जो भी लोग हैं जो दुनिया में अपनी बात पहुंचा सकते हैं. उन सबसे मैं आग्रह करूंगा कि भारत की लोकतंत्र की समार्थ को विश्व के सामने बड़े गर्व के साथ हमें प्रस्तुत करना चाहिए. इस बार भी भारत में जितने लोगों ने मतदान किया, वो अनेक बड़े लोकतांत्रिक देशों की कुल आबादी से भी ज्यादा है. जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने इस चुनाव में रिकॉर्ड वोटिंग कर अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है.

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीए की यह जीत देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले नेता नरेंद्र मोदी जी पर लोगों के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। यह मोदी जी के विकसित भारत के विजन पर लोगों का विश्वास है। यह जन आशीर्वाद पिछले एक दशक में मोदी जी के गरीब कल्याण, विरासत के पुनरुद्धार, महिलाओं के स्वाभिमान और किसान कल्याण के कार्यों की सफलता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि इस जनादेश के साथ नया भारत विकास यात्रा को और अधिक गति और शक्ति देने के लिए तैयार है।

आपको बता दें कि देश की 543 लोकसभा सीटों में बीजेपी को 239 और कांग्रेस को 99 सीटें मिलती दिख रही हैं। बीजेपी बहुमत के आंकड़े से पीछे है। लोकसभा में बहुमत का आंकड़ा 272 है। अगर एनडीए की बात करें तो उसे 291 सीटें मिलती दिख रही हैं जबकि भारत गठबंधन को करीब 234 सीटें मिल सकती हैं।

### लोकसभा की 543 सीटों में 10 सबसे बड़ी जीत

1. इंदौर- शंकर लालवानी (मध्यप्रदेश, भाजपा)
2. धुबरी- रकी बुल हुसैन (असम, कॉंग्रेस)
3. विदिशा- शिवराज सिंह चौहान (मध्यप्रदेश, भाजपा)
4. नवसारी- सी आर पाटिल (गुजरात , भाजपा)
5. गांधी नगर- अमित शाह (गुजरात, भाजपा)
6. डाइमंड हार्बर- अभिषेक बैनर्जी (पश्चिम बंगाल, त्रिमूल कॉंग्रेस)
7. त्रिपुरा- विपलव देब (त्रिपुरा, भाजपा)
8. वडोदरा- डॉ हेमंग जोशी (गुजरात, भाजपा)
9. रायपुर- बृजमोहन अग्रवाल (छत्तीसगढ़, भाजपा)
10. गौतम बुद्ध नगर- डॉ. महेश शर्मा (उत्तर प्रदेश, भाजपा)

## वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगाई जीत की हैट्रिक, कांग्रेस के अजय राय को 1.52 लाख वोटों से दी मात

**वाराणसी (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 की तस्वीर करीब-करीब साफ हो गई है। रुझानों और नतीजों में एनडीए 290 से ज्यादा सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं, इंडिया गठबंधन 220 से अधिक सीटों पर आगे है। पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश की हॉट सीट वाराणसी पर टिकी रही। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगाई है। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को डेढ़ लाख से अधिक वोटों से हरा दिया है। पीएम मोदी तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे। पीएम मोदी को 6,12,970 वोट मिले हैं, वहीं कांग्रेस के अजय राय को 4,60,457 और बसपा के अतहर जमाल लारी को 33,766 प्राप्त हुए हैं। पीएम मोदी वाराणसी सीट पर 1 लाख 50 हजार 513 वोट से चुनाव में विजयी हुए हैं। पीएम मोदी के तीसरी बार काशी से विजयी होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओ ने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीर लेकर जश्न मनाया। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वाराणसी लोकसभा सीट पर सातवें और आखिरी चरण में एक जून को मतदान हुआ था।

## छत्तीसगढ़ की 10 सीटों पर भाजपा तो एक पर कांग्रेस की जीत





**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को फिर एक बार करारी शिकस्त दी है। भाजा ने प्रदेश की कुल 11 लोकसभा सीटों में से 10 पर अपनी जीत दर्ज की है वहीं कांग्रेस एक ही सीट पर जीत पाई है।

लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर भले की भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नही रहा किंतु छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा की झोली में 11 में से 10 सीटें डाल दी। मंगलवार 4 जून की सुबह से शुरू हुई मतगणना में भाजपा के उम्मीद्वार सुबह से ही कांग्रेस प्रत्याशियों से बढ़त बनाकर चलते रहे। दोपहर तक लगभग तय हो गया था कि भाजपा को प्रदेश में 10 सीटें मिलने वाली है। वहीं कांग्रेस को एकमात्र लोकसभा सीट कोरबा बढ़त मिलती रही जहां से ज्योतसना महंत चुनाव मैदान में थी। कहा जा सकता है ज्योतसना महंत अपनी सीट बचाने में कामयाब रही। वही कांग्रेस के कद्दावर नेता भूपेश बघेल,ताम्रध्वज साहू,कवासी लखमा,शिव डहरिया, देवेन्द्र यादव को भी हार का सामना करना पड़ा। भूपेश बघेल को भाजपा के संतोष पांडे ने हराया। कहीं-कहीं ऐसा लगा कि कांग्रेस भाजपा को टक्कर दे रही है पर शाम होते-होते भाजपा प्रत्याशियों ने अपराजेय बढ़त बना ली और देर शाम तक प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। वहीं कांग्रेस को एक ही सीट पर संतोष करना पड़ा। बता दें कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में वोटिंग हुई थी। पहले चरण में 19 अप्रेल को बस्तर की सीट पर हुई वोटिंग के बाद दूसरे चरण में 26 अप्रैल को राजनंदगांव, महासमुंद और कांकेर की सीटों पर वोट डाले गए थे। वहीं तीसरे चरण में 7 मई को सरगुजा, रायगढ़, जांजीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में वोटिंग हुई थी।

### कहां से कौन जीता....

1. सरगुजा लोकसभा से भाजपा के चिंतामणि महाराज, कांग्रेस की शशि सिंह से 60000 वोट से जीते।
2. जांजगीर चांपा लोकसभा से भाजपा की कमलेश जांगड़े, कांग्रेस के शिव डहरिया से 60000 वोट से जीती।
3. राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा के संतोष पांडे,कांग्रेंस के भूपेश बघेल से 44435 वोट से जीते।
4. दुर्ग लोकसभा से भाजपा के विजय बघेल,कांग्रेस के राजेन्द्र साहू से 437000 वोट से जीते
5. रायपुर लोकसभा से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल कांग्रेस के विकास उपाध्याय से 558005 वोट से जीते।
6. महासमुंद लोकसभा से भाजपा की रूप कुमारी चौधरी कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से 135000 वोट से जीती।
7. रायगढ़ लोकसभा से भाजपा के राधेश्याम राठिया ने कांग्रेस की मेनका देवी सिंह 240391 वोट से हराया।
8. बिलासपुर लोकसभा से भाजपा के तोखन साहू ने कांग्रेस के देवेन्द्र यादव को हराया।
9. बस्तर लोकसभा से भाजपा के महेश कश्यप ने कांग्रेस के कवासी लखमा को हराया।
10. कांकेर लोकसभा से भाजपा के भोजराज नाग ने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को हराया।
11. कोरबा लोकसभा से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने भाजपा की कद्दावर नेत्री सरोज पांडे को हराया।

## बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर रचा इतिहास



**लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड 5,75,285 मतों से जीत हासिल**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को एक बार फिर से नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार विकास उपाध्याय को 5,75,285 वोटों से हराया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी इस जीत का श्रेय पार्टी नेतृत्व के साथ ही पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को दिया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा समेत केंद्रीय नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताया और रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उस विश्वास पर मुहर लगाई है। इस जीत में भाजपा कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने भीषण गर्मी में पूरी लगन के साथ काम किया और जनता के बीच में पार्टी की कार्ययोजना को बाखूबी रखने में सफल रहे। उन्होंने अपनी जीत के लिए क्षेत्र की जनता का आभार देते हुए कहा कि, जनता ने शुरू से ही उनको स्नेह दिया है इसका ही नतीजा है कि एक बार फिर से लोकसभा चुनाव में वो नया रिकॉर्ड बनाने में सफल रहे। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह पहला मौका है जब उनको दिल्ली में रायपुर का नेतृत्व करने को मिल रहा है, वो जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

यह विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का चुनाव था। जिसमे रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी जी और भाजपा पर विश्वास जताया है।

## राहुल गांधी की रिकॉर्ड जीत, 3 लाख 90 हजार वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हराया



**रायबरेली ( आरएनएस )।** यह जिला कांग्रेस का गढ़ है यह बात एक बार फिर साबित हो गई है।राहुल गांधी यहां से रिकॉर्ड मतों से जीतने में कामयाब रहे। उनकी जीत का अंतर तीन लाख 90 हजार से ऊपर का रहा।

रायबरेली की सीट एक बार फिर से कांग्रेसियों के लिए खुशी लेकर आई। कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी यहां बड़े अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को करीब तीन लाख 90 हजार वोटों से हराया।

रायबरेली लोकसभा सीट पर गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत ने कांग्रेसियों को काफी लंबे असरे बाद झूमने का मौका दिया। इस बार की जीत बहुत खास रही है। गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी के तौर पर राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे थे और पूरे देश की निगाह रायबरेली परिणाम पर लगी थी। वहीं कांग्रेस का दुर्ग जीतने की मंशा सफल न होने से भाजपाइयों में बहुत मायूसी रही। कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने से बचता रहा।

रायबरेली में कांग्रेसियों को 2019 लोकसभा चुनाव बाद खुश होते देखा गया। इससे पहले विधानसभा चुनाव 2022 में हार के साथ कांग्रेस की गिरते ग्राफ से कांग्रेसियों के चेहरे पर चहक गायब हो गई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस को संजीवनी देने का काम किया। खासकर रायबरेली में कांग्रेसियों का उत्साह उसी समय से चरम पर था, जब राहुल गांधी ने नामांकन पत्र भरा था।

शुरू से ही सपा और कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जीत के लिए आश्वस्त नजर आए। मंगलवार को ईवीएम खुली और जैसे-जैसे राहुल गांधी लीड लेते रहे, वैसे-वैसे भीषण गर्मी को दरकिनार कर कांग्रेसियों का उत्साह चरम पर पहुंचता रहा। सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर जमा कांग्रेसियों के चेहरे पर जीत की खुशी दिखी। इस दौरान कांग्रेस ने बड़ा मंगल पर भंडारा का आयोजन कराया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भाजपा के अटल भवन स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ता टीवी स्क्रीन पपर लोकसभा चुनावों को परिणाम को देखते नजर आए। पार्टी की हार से कार्यकर्ता बेहद मायूस दिखे। करीब 10 साल बाद भाजपा कार्यालय में उदासी दिखी।

## कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल गांधी- ये लड़ाई संविधान को बचाने के लिए थी

### इस बार जनता ने किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया, खासकर भाजपा को : मल्लिकार्जुन खड़गे

**राहुल गांधी ने कहा- इंडिया गठबंधन की बैठक बुधवार को, राणनीति पर होगा फैसला**

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। फैसला इस बात का लिया जाएगा कि कांग्रेस विपक्ष में बैठेगी या सरकार बनाने की कोशिश करेगी। लोकसभा चुनाव में उत्साहवर्धक प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस किया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उसके बाद राहुल गांधी ने भी कहा, अब नरेंद्र मोदी नहीं चाहिए।

राहुल गांधी ने सबसे पहले प्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, आप जितनी हमारी मदद कर सकते थे, आपने की। लेकिन मैं एक बात कहना चाहूंगा कि यह चुनाव महज बीजेपी के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी संवैधानिक संस्थाओं, जांच एजेंसियों, न्यायपालिका के खिलाफ था, जिसे पीएम मोदी और अमित शाह ने अपने कब्जे में ले रखा है। इंडिया गठबंधन बहुत ही प्रतिकूल माहौल में चुनाव लड़ा। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, प्रेस की बात तो मैं करता रहता हूं।



आपका रोल अहम है, लेकिन यहां इस बात का जिक्र करना जरूरी है कि यह लड़ाई संविधान को बचाने की थी। मैं आपको सच बताऊं, तो मेरे माइंड में पहले से ही था, जब इन्होंने हमारा बैंक अकाउंट फ्रीज किया, सीएम को जेल में डाला, पार्टियां तोड़ीं। मेरे माइंड में था कि अब हिंदुस्तान की जनता संविधान बचाने के लिए एक हो जाएगी।

राहुल ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं आप सभी का धन्यवाद देना चाहूंगा, क्योंकि आपने संविधान बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस पार्टी ने दो तीन चीजें की, सबसे पहले हमने इंडिया गठबंधन के दलों का सम्मान किया। जहां भी गठबंधन लड़ा, हम एक रहे। कांग्रेस ने पूरे हिंदुस्तान को एक नया विजन दिया है। कांग्रेस ने नया विजन दिया है। इंडिया गठबंधन का यह प्रदर्शन शानदार रहा है। बीजेपी ने संविधान और गरीबों पर प्रहार किया, जिसका उसे आज जवाब मिला है। राहुल ने आगे कहा, अंत में, मैं आपको कह दूं, संविधान को बचाने का काम, देश के सबसे गरीब लोगों ने किया है। आदिवासियों ने किया है। बहुत सारे लोगों ने इसे नहीं बचाया, लेकिन हिंदुस्तान के सबसे गरीब लोगों ने इसे बचाया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहूंगा, हम आपके साथ खड़े हैं। हम अपने द्वारा किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे।

उधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आज जो देश में चुनाव के रिजल्ट आए हैं, ये जनता का रिजल्ट है, जनता की जीत है। लोकतंत्र की जीत है। हम पहले से यह कह रहे थे कि यह लड़ाई मोदी बनाम जनता है। हम 18वीं लोकसभा के चुनाव में विनम्रता से जनमत को स्वीकार करते हैं। इस बार जनता ने किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। खासकर भाजपा को। भाजपा ने एक व्यक्ति के नाम पर वोट मांगा और अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह जनादेश मोदी जी के खिलाफ गया है और यह उनकी नैतिक हार है, जो व्यक्ति अपने नाम से वोट मांगते थे, यह उनकी हार है और नैतिक दृष्टि से उनकी बड़ी हार है। खरगे ने आगे कहा, आप जानते हैं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने बहुत ही प्रतिकूल माहौल में चुनाव लड़ा। हमारे रास्ते में अवरोध डाले गए, हमारे बैंक खाते फ्रीज किए गए, लेकिन फिर भी कांग्रेस पार्टी का कैंपेन सकारात्मक था। हम महंगाई, किसान, मजदूरों और संविधान संस्थाओं के दुरुपयोग को लेकर जनता के बीच गए। लोगों ने हमारा समर्थन किया। पीएम मोदी ने जिस तरह का कैंपेन किया, उसे इतिहास में लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में जो झूठ पीएम मोदी ने फैलाया, उसे लोगों ने याद रखा। राहुल गांधी ने दो यात्रा की और लोगों की समस्याएं सुनीं। हमने उसी को पांच गारंटी का नाम दिया और उसी के नाम पर हमने गारंटी कार्ड बनाया।

## भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अपने ही रिकार्ड को तोड़कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**हर राउंड में बनाते रहे अजेय बढ़त, भाजपा में उत्साह, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में छाया निराशा**



**दुर्ग ( आरएनएस )।** दुर्ग लोकसभा चुनाव की मतगणना प्रक्रिया मंगलवार की सुबह 8 बजे जुनवानी स्थित श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज कैम्पस में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु हुई। मतगणना के आए प्रारंभिक रुझानों में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अजेय बढ़त अंतिम चरण तक बनाए रखा, उन्होंने 17 वे राउंड में 864480 वोट पाकर 4 लाख से ऊपर बढ़त बनाए हुए हैं। जबकि अभी 1 लाख 50 हजार मतो की गिनती बाकी हैं। मतगणना के इन रुझानों ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को बड़ा झटका दिया है। जिससे भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल है, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में फिर निराशा छा गई है। समाचार के लिखे जाने तक शाम की स्थिति तक 17 राउंड की मतगणना पूरी कर ली गई थी। कुल 22 चक्रों में मतगणना की जानी है।

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने 2019 का पिछला लोकसभा चुनाव 3 लाख 92 हजार मतों के अंतर से जीता था। इस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता उनके 6 लाख मतों से जीतने की उम्मीद लगा रखे हैं। मतगणना में विजय बघेल को मिल रहे भारी लीड से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल मतगणना के प्रथम राउंड से ही कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। शाम 6 बजे की स्थिति तक 17 राउंड की गिनती पूरी की जा चुकी थी। जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को 8654480 मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने 465125 वोट प्राप्त किए थे। कुल 1390742 मतों की गिनती पूर्ण हो चुकी थी। लगभग 1.50 लाख मतों की गिनती और की जानी है। इस स्थिति में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल 4 लाख से अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू पर बढ़त बनाए हुए हैं। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक लीड लिए हैं। वे दुर्ग शहर से 72 272 से जीते हैं।

## कोरबा की देवतुल्य जनता को निराश नहीं होने देंगे : ज्योत्सना महंत

**बड़ी जीत पर डॉ. महंत व सांसद ने जताया जनता का आभार**

**कोरबा ( आरएनएस )।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार भरोसा जताए जाने पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति बारंबार आभार व्यक्त किया है। कहा है कि जनता के आशीर्वाद के बिना यह कठिन लड़ाई जीतना संभव नहीं था, हमने मिलकर सब के सहयोग से कार्यकर्ताओं के बलबूते यह चुनाव जीता है,यह जीत समस्त कार्यकर्ताओं व कोरबा लोकसभा क्षेत्रवासियों को समर्पित है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं सांसद ने कहा है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्रवासियों का जो स्नेह और आशीर्वाद महंत परिवार को सदैव मिलता रहा है, उसके लिए महंत परिवार सदैव ऋणी रहेगा। सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपनी जीत का श्रेय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते हुए कहा कि ये सभी कार्यकर्ता मेरी शक्ति बने। डॉ. चरणदास महंत और पूरे महंत परिवार को भी वे जीत का श्रेय देना चाहती हैं जो मेरी ताकत बने। यह जीत सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है। सांसद ने कहा कि कोरबावासियों की आवाज कभी भी दबने नहीं दी जाएगी और देवतुल्य कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता को हम निराश नहीं होने देंगे। दिल्ली में कोरबा लोकसभा की आवाज और भी मजबूत होकर उठाई जाएगी। डॉ. महंत एवं सांसद ने समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, सदस्यों सभी कार्यकर्ताओं, बूथ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया सेल, इंटक और कांग्रेस के सभी सहयोगी संगठनों एवं दलों के साथ-साथ पूरे चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। कोरबा विधानसभा से कम वोट मिलने के सवाल पर कहा कि पिछले बार भी यहां से 35 हजार माइनस था और इस बार ज्यादा माइनस हुआ है।



## नवापारा सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने दिखाया उत्साह



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** स्थानीय नवापारा सोशल ग्रुप द्वारा 2 जून दिन रविवार को स्थानीय सामुदायिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से शाम 7 बजे तक चले इस शिविर में 111 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में श्री सत्य साई संजीवनी ब्लड बैंक, नया रायपुर एवं रेड क्रास ब्लड सेंटर रायपुर के सहयोग से यह शिविर सम्पन्न हुआ। दोनों ब्लड बैंक के प्रमुखों ने संयुक्त बयान में कहा कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे में कमी आती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा कम पड़ जाती है ऐसी स्थिती में किसी अन्य व्यक्ति से खून लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए जिससे जरूरतमंद की मदद हो सके। रक्तदान शिविर में श्री सत्य साई संजीवनी ब्लड बैंक से सुश्री मंजू मांडवी, श्री प्रतीक डहरिया, श्री हेमंत पटेल, मो. सलीम, श्री रमेश धीवर एवं श्री हीरादास व रेड क्रॉस ब्लड सेंटर से श्री देवेंद्र दूबे, श्री परमेश्वर देवांगन, सुश्री खुशबू साहू, श्री लोकेश मिरी, श्री ऋषि ठाकुर एवम श्री नंदकिशोर का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

## 4.50 किलोमीटर की सड़क बनने में लग गए तकरीबन 3 साल, जगह-जगह टूट गई नालियां, भारी अनियमितताएं



**नवापारा-राजिम ( विश्व परिवार )।** महज 4.50 कि.मी. की सड़क 30 माह के बाद भी पूरा न होने से इस मार्ग का यातायात काफी परेशानी भरा हो गया है। कुर्रा से नवापारा नगर होते हुए महानदी पुल तक सड़क का फोरलेन निर्माण कार्य 31 जुलाई 2023 को पूरा होना था जो कि आज तक न सिर्फ अधूरा पड़ा है बल्कि कई जगह अभी से नाले के ऊपर का स्लेब, डिवाइडर के साथ सड़क टूटने एवं धंसने लगी है। काम की धीमी गति, नालियों को खोदकर छोड़ देना जैसी अनेक अनियमियतताओं के साथ 10-11 माह ज्यादा हो जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। ऊपर से निर्माण किए गए नाले के स्लेब, नालिया, डिवाइडर के साथ-साथ कई जगह सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। नागरिकों ने बताया कि काम की गति काम के प्रकार एवं विलंब होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हो रहा है। अनेक स्थानों में नई बनी नाली ऊपर है और सड़क नीचे है। कई जगह बनाए गए नालों को छोटा कर सड़क के बराबर कर दिया गया है। डिवाइडर के गड्ढ़ों में मिट्टी की जगह मलमा अथवा कचरा डालकर भरा जा रहा है जबकि डिवाईडर के गड्ढ़ों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाया जाना है। ठेकेदार द्वारा बनाई गई नालियों में अधिकांश जगह नाली को ढंकने का इंतजाम नहीं किया गया है। इससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। काम में विलंब होता देख नागरिक नाली के गड् ?ढों का डस्टबीन जैसा उपयोग कर उसमें कचरा डाल रहे हैं। लगभग 29 करोड़ की भारी भरकम की लागत से बनने वाले 4.50 कि.मी. सड़क में आवागमन शुरू होते ही शिकायत आना लाजिमी है। नागरिको न बताया की इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को कई बार अवगत कराया जा चुका है परन्तु उनके भी कान में जू तक नहीं रेंग रही है, जिससे ठेकेदार का भी हौसला बुलंदी पर है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गरियाबंद, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

दूरभाष 07706-241349, फैक्स नं.-07706-241349, Email-nagarpalikagariaband@gmail.com

क्रमांक/ 256 /न.पा. /राजस्व /2024-25 गरियाबंद, दिनांक : 21/05/24

### !! प्रकाशन सूचना !!

नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 अंतर्गत निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा उसके नाम के समक्ष अंकित मकान/भूमि को नगर पालिका के कर मांग पंजी पर (दर्ज करने) नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो सूचना प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क. | हस्तांतरिर्ती/आवेदक का नाम पिता/पति | हस्तांतरणकर्ता/अनावेदक का नाम पिता/पति | वार्ड कं | पटवारी ह.न. | खसरा नं. | वर्गमीटर वर्गफीट हेक्टेयर | नामांतरण का प्रकार | हस्तांतरण स्वरूप, सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजीव साहू/रतन लाल साहु | रविकांत सेठ/अरूण | 6 | 10 | 890 | 204वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 2 | थनेश्वरी /तरूण देवागन | निर्मला साहु/नरेन्द्र कुमार | 7 | 10 | 884 | 314.88 वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 3 | योगेश /प्रभुलाल देवागन | नसीम वारसी/मुसा भाई | 3 | 10 | 893 | 09वर्गमीटर | दुकान | बिकीनामा |
| 4 | दिलश्वरी/विष्णुराम नेताम | संतुषा बाई/महेत्तर | 03 | 10 | 860 | 110वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 5 | डेमीनबाई/सुरेश कुमार | इंदिराबाई/खेमचंद | 11 | 10 | 800/2 | 530 वर्गफीट | मकान | बिकीनामा |
| 6 | शंकतला/चिंताराम देवांगन | भागवतराम/दाउराम साहु | 07 | 10 | 884 | 33वर्गमीटर | मकान | बिकीनामा |
| 7 | यशंवत,नंदकुमार,विशाखा/महेशराम | महेशराम/ मुरहाराम | 11 | 10 | 795 | 117,85,47वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 8 | बलमदिना तिर्की/अजय | नंदेश्वरी/मानिकराम | 11 | 10 | 799 | 600वगफीट | मकान | बिकीनामा |
| 9 | योगेश दुबे/बलभद्र | योगेश दुबे/बलभद्र | 8 | 10 | 1063 | 783वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 10 | अजय शर्मा/मनराखन | शिवकुमारी/राकेश शर्मा | 4 | 10 | 53 | 177वर्गमीटर | मकान | सहमति पत्र |
| 11 | मनीषा साहु/दुलेश साहु | बलीराम साहु/खेदुराम | 6 | 10 | 885 | 41वर्गमीट | मकान | सहमति पत्र |
| 12 | समयलाल/फागुराम | फागुराम/शिवचरण | 11 | 10 | 801 | 494 वर्गफीट | मकान | शपथ पत्र |
| 13 | हेमकुमारी/अभिषेक गजेंद | रमला बाई/जनक | 11 | 10 | 800/5 | 0.008हेक्टयर | मकान | बिकीनामा |
| 14 | रेमू,कुंजबाई,वतीबाई/रिखीराम | रिखीराम/मोहब्बतराम | 13 | 10 | 819 | 238,100,25 वर्गमीटर | मकान | शपथ पत्र |
| 15 | इरफान,इमरान/इकबाल | नरगिस बानो/मों रफिक | 08 | 10 | 1063/1 | 1419 वर्गमीटर | मकान | शपथ पत्र |
| 16 | गीताराय/रविन्द्र नाथ | मोहन चावड़ा/रतिलाल | 15 | 10 | 41/1 | 1675 वर्गफिट | मकान | बिकीनामा |
| 17 | सुरजीत कुकरेजा/गुरूमुखसिंग | सुरजीत कुकरेजा/गुरूमुखसिंग | 9 | 10 | 911 | 390 वर्गफिट | दुकान | शपथपत्र |
| 18 | शबनम मेमन/आरिफ मेमन | आयशुबाई/अब्दुल रज्जाक | 03 | 10 | 895/10 860/1 | 233/5 वर्गमीटर | मकान | शपथ/सहमति पत्र |
| 19 | शगुप्ता यास्मीन,कमरूनिशा /शेख सफीउद्दीन | कमरूनिशा/शेख सफीउद्दीन | 07 | 10 | 884/210 | 642.69 वर्गमीटर | मकान | शपथ/सहमति पत्र |
| 20 | सरिता साहु/डिपेश साहु | संजू कश्यप/निलाम्बार | 08 | 10 | 983/8 | 2000 वर्गफिट | भुमि | बिकीनामा |
| 21 | शैलेश्वरी साहू/दीपक राम | मो. अनीस मेमन/अ. मजीद हबीब | 15 | 10 | 166/6 | 1530 वर्गफिट | भुमि | बिकीनामा |
| 22 | दुर्गा बाई /सेवकराम ध्रुव | रेखा/जीवन ठाकुर | 09 | 10 | 958/8 | 1280 वर्गफिट | भुमि | बिकीनामा |
| 23 | बाबुलाल देवांगन/घसिया राम | बाबुलाल देवांगन/घसिया राम | 07 | 10 | 884 | 146 वर्गफिट | भवन | शपथपत्र |
| 24 | अनुपाबाई/राजेन्द्र निर्मलकर | जगदेव निर्मलकर/फगनुराम | 12 | 10 | 795/1 | 172 वर्गफिट | भवन | सहमतिपत्र |

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गरियाबंद
जिला- गरियाबंद ( छत्तीसगढ़ )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11838/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11838
वार्ड का नाम- 67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR663FAB316** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASK FREEHOLD REALTY PVT LTD (ABT) DIRECTOR ANURAG NATHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA KUMAR NATHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AMULYA EKKA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LEOS EKKA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **टाटीबंध** रायपुर में निर्मित **ई.डब्ल्यू.एस.** भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्रमांक **EWS-134 श्रीमती गोविंदी देवी शर्मा पति श्री सांवरमल शर्मा,** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक **13.10.2005** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक **19.09.2020** को हो जाने के कारण **श्री संजीव शर्मा पिता स्व. श्री सांवरमल शर्मा** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों ( **1. श्री रमेश शर्मा पिता स्व. श्री सांवरमल शर्मा 2. श्रीमती अंजू विजय जांगीड पति श्री विजय जांगीड 3. श्रीमती अंजू जगदिश जांगीड पति श्री जगदिश जांगीड** ) का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्री संजीव शर्मा पिता स्व. श्री सांवरमल शर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **खिलौरा,** जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-169 श्रीमती नम्रता रूपरेला पति श्री विष्णु रूपरेला** निवासी- म.नं.-सी/28, सेक्टर-02, बजाज कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक-789 दिनांक **27.01.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी **श्रीमती नम्रता रूपरेला पति श्री विष्णु रूपरेला** पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **19.03.2010** को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती कुमारी कांती सिन्हा पति श्री उपेन्द्र कुमार सिन्हा** पता- ददडा कॉलोनी सैनिक प्रोविजन स्टोर्स पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **16.05.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती कुमारी कांती सिन्हा पति श्री उपेन्द्र कुमार सिन्हा,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर **नाम दर्ज** किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट का **फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज** किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखिल रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **वीर सावरकर नगर हीरापुर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **LIG** भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक **LIG-1189 श्री राजेश शर्मा पिता श्री एम.एल. शर्मा** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **24.06.2005** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **24.05.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री अक्षय सिंह पिता वीरेन्द्र सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **टाटीबंध**, रायपुर में निर्मित स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक **सी.एच.-393 स्लाईस-। में ( 1 ) श्री बलजिदर सिंग पिता श्री स्वरूप सिंग,** को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **15.02.2007** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **01.04.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्री गुरूदीप सिंग पिता श्री सुरिदर सिंग** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **पुरैना,** जिला-रायपुर में निर्मित विशेष आवासीय योजनांतर्गत भवन **क्रमांक-एच.आई.जी.-30, माननीय श्री बलराम सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री छबीलाल सिंह** के नाम पर **स्ववित्तीय** आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण राशि जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 27.10.2007 को लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत दिनांक **02.01.2017** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) करा लिया गया है। आबंटी **श्री बलराम ठाकुर** की मृत्यु दिनांक **30.04.2019** हो गया। मृत्यु उपरांत उक्त भवन को आबंटी **श्री आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री बलराम सिंह ठाकुर,** पता- बलराम टाकीज रोड बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), द्वारा उक्त भवन को अपने नाम से नाम दर्ज करने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का **फ्री-होल्ड पश्चात् मृत्यु उपरांत श्री आशीष सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री बलराम सिंह ठाकुर,** पता- बलराम टाकिज रोड, बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के **नाम दर्ज** किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखिल रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित वाणिज्यिक शॉप एवं स्टूडियो अपार्टमेंट में **स्टूडियो अपार्टमेंट फ्लैट क्रमांक**-510 **श्री मयंक बजाज पिता स्व. श्री धर्मेन्द्र बजाज एवं श्री बलराम बजाज पिता श्री अनेश बजाज** के नाम से ऑफर आधार पर आबंटन किया गया है। आबंटी द्वारा अपने पक्ष में दिनांक **17.06.2021** को लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर उक्त फ्लैट का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-1960 दिनांक **25.06.2021** के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्री मयंक बजाज पिता स्व. श्री धर्मेन्द्र बजाज, एवं श्री बलराम बजाज पिता श्री अनेश बजाज,** निवासी- हाउस नं.-46, फाफाडीह चौक, होटल सेलिब्रेशन के पीछे, डॉ. सुब्बाराव के सामने, जेल रोड, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) उक्त फ्लैट को **श्री राहुल थावानी पिता श्री मुरली मनोहर थावानी** निवासी- 53, राधेकृष्ण मंदिर के पास राजिम, जिला गरियाबंद रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र **( एन.ओ.सी. )** प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./11651/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11651
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445N00435** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GIRDHARI LAL CHHUGANI, ATUL CHHUGANI HUF KARTA-ATUL CHHUGANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARUMAL CHHUGANI, LT. LAXMAN CHHUGANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LALIT KUMAR KATLAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI RAMGOPAL KATLAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री दिनेश कोसरिया
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11830/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11830
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220E00054** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. JAGDISH S/O PREM JI TRIVEDI, DILIP PRADEEP S/O NAND KISHORE TRIVEDI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती इंदु थेर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री रामलाल थेर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11769/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11769
वार्ड का नाम- 10 - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227S00638** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAVEEN KOTHARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S.R. KOTHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती मीना अग्रवाल** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति श्री गोपाल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11770/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11770
वार्ड का नाम- 10 - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227H00033** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DUSHYANT KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **PURAN LAL KASHYAP** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद सोहेल शहजाद** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता- मोहम्मद अफजल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11866/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11866
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00690** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ADESH AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ISHWAR DAYAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR LAHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHISHUPAL LAHARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 8 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11862/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11862
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801H00079** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KULWANT SINGH SAINTARSEN SAINI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TARSEN SAINI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. DINESH MITTAL S/O SHRILAL MITTAL 2. SMT. EKTA MITTAL W/O DINESH MITTAL 3. PULKIT MITTAL S/O DINESH MITTAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **........** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 8 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11848/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11848
वार्ड का नाम- 43 - महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR561D00383** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BASANTI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE BANDHULAL SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUMITRA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DORI LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**DEATH CERTIFICATE**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11839/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11839
वार्ड का नाम- 43 - महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR662K00192** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BALKRISHNA DANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ........ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ABHISHEK DANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALKRISHNA DANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ......... / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री विमल शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11847/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11847
वार्ड का नाम- 42 - पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR566F0454B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KHEMRAJ THOTE, LALIT THOTE, MANISHA BHASHME** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. TARACHAND THOTE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TORAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTU RAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11854/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 04-06-2024

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11854
वार्ड का नाम- 42 - पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR566D00175** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAMNARAYAN, RUPNARAYAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNDARLAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAMNARAYAN DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNDER LAL DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

## अग्नि सुरक्षा के लिए पुलिस एवं अग्निशमन के जवानों के साथ मॉक ड्रिल किया गया आयोजन

### जागरूक जनता की पहल से बुधवारी बाजार में लगी आग को तत्काल काबू में पाया गया



**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा आग लगने की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए उनके निर्देश पर विशेष 'अग्नि सुरक्षा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थानाध्चैकी के द्वारा व्यापारियों और दुकानदारों की बैठक लेकर जागरूकता संबंधित पम्फ्लेट बाँटा जा रहा और अग्निशमन विभाग के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के द्वारा थाना कोतवाली के अन्तर्गत पाम मॉल, थाना दर्री और थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत दुकान संचालकों और आम नागरिक को बुला कर अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन अग्नि शमन विभाग की टीम के द्वारा किया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा सभी थानो में व्यापारियों, दुकानदारों और अग्निशमन विभाग के साथ बैठक का भी आयोजन किया गया है जिसमें पम्फ्लेट बाँट कर जागरूक किया गया है और घटना होने पर रिस्पांस टाइम कम करने के संबंध में चर्चा की गई है। मॉक ड्रिल में आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी है, कैसे बचाव करना है और क्या करना है क्या नहीं करना है बताया गया।मॉक ड्रिल में घर, रसोई, दुकान, कार्यालय, पैरावट, गैस सिलेंडर या बाहर कहीं भी आग लगने की स्थिति होने पर काबू पाने के लिये क्या करना है ये बताया गया। ज्ञात हो कि बीती रात में बुधवारी बाजार में आग लगी थी जिसे आम जनता, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और अग्निशमन विभाग की तत्परता से 20 मिनट के अंदर ही क़ाबू में पा लिया गया जिससे इसका प्रभाव मात्र 3 दुकानों में हुआ। पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान से कोरबा में सभी संबंधित विभागों के साथ साथ दुकानदार और आम जनता जागरूक हो गई है। दुकानदारों और आम जनता के द्वारा पुलिस और अग्निशमन विभाग को जागरूक करने के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया। कोरबा पुलिस मीडिया कर्मियों की आभारी है कि वो ये अभियान जन-जन तक पहुँचा रहे है।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा। एक बार फिर हुए सड़क हादसे में दो की मौत हो गई है। वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं। दो बाइक के आपस में टकराने से यह घटना हुई। ढेलवाडीह के रहने वाले दो लोग बाइक से झोराघाट की ओर जा रहे थे. इस दौरान विपरित दिशा से आ रही एक बाइक उनसे टकरा गई। आमने- सामने हुई सीधी टक्कर की वजह से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घायल हो गए लोगों को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भेजा गया। बताया जा रहा है कि यहां गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। घायल हो गए तीन लोगों का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## दोस्त को अस्पताल में कराया भर्ती, मकान का ताला तोड़कर पार किया 10 लाख

### आरोपी जेल दाखिल, 7.50 लाख रूपये बरामद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एक वन कर्मी के बंद मकान का ताला तोड़ कर 10 लाख रूपये नकद चोरी कर लिए जाने के मामले का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। चोर कोई ओर नहीं, वन कर्मी का अपना दोस्त निकला है। दरअसल अस्वस्थ्य होने पर वन कर्मी ने अपने दोस्त को मदद के लिए बुलाया था और उसने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। इसके बाद उसकी नीयत बिगड़ गई और बंद मकान का ताला तोड़ कर घटना को अंजाम दे दिया। यह घटना वन परिसर कालोनी कोसाबाड़ी की है। यहां रहने वाले कमलेश कुमार 35 वर्ष का स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे अपने दोस्त देवाशीष राय निवासी पोड़ीबाहर गणेश चैक को इससे अवगत कराया। वह घर पहुंचा और कमलेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान उसे यह जानकारी लग गई कि घर में 10 लाख रूपए नकद रखा हुआ है। जिसे उसने कमलेश को भर्ती कराया, उसी रात वह उसके सूने मकान में जा धमका और घर में लगा ताला तोड़ कर नकद राशि चोरी कर लिया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में दाखिल कमलेश को इसकी सूचना दूसरे दिन दी। साथ ही इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना रामपुर में घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। जांच पड़ताल में साइबर सेल टीम की मदद ली गई। अपने बयान के दौरान कमलेश ने पुलिस को बताया था कि उसके दोस्त देवाशीष उसे अस्पताल में भर्ती कराने घर आया था। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला, तो रात को देवाशीष घर के पास दिखा। उसका मोबाइल का टावर भी घटना के समय कमलेश के घर के आसपास दिखाया। संदेह होने पर उससे पुलिस ने पूछताछ की और वह अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपित के निशानदेही पर चोरी की 10 लाख में 7.50 लाख रुपए बरामद कर लिया है। शेष रकम वह खर्च कर दिया था। पुलिस ने धारा 457, 380 के मामले में आरोपित देवाशीष को गिरफ्तार जेल दाखिल कर दिया है।

## रिहायशी क्षेत्र से आवाजाही करने पर तीन लोड ट्रेलर पर हुई कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दीपका पुलिस ने आज सुबह झाबर में तीन लोड ट्रेलरों को पकड़ा है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि कुछ ट्रांसपोर्टर शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए रहवासी क्षेत्रों के बीच से भारी मालवाहक गाडियों को पार कर रहे हैं। सूचना पर दीपका पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दीपका में ही गाडियों को रोकने की कोशिश की मगर ड्राइवरों ने गाडियों में बिना ब्रेक लगाये झाबर तक भागते रहे अंततरू पुलिस के डर से ड्राइवरों ने गाड़ी रोका व मांगे गए। कागज पुलिस कर्मियों को दिखाये पुलिस के पूछे जाने पर जय अंबे रोड लाइंस किसी ट्रांसपोर्टर की बताया गया पुलिस सभी पर्चियों एवं गाड़ी के दस्तावेज लेकर थाने गई एवम कार्यवाही कर रही है। दो दिन पहले ही महिला एवम उनके दो बच्चे भयंकर दुर्घटना के शिकार होते होते बचे हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्टर की ऐसी बड़ी लापरवाही किसी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गाडियों में ओवरलोड कोयला की भी आशंका जताई जा रही है। जिसके जांच करवाने की बात दीपका पुलिस के सक्षम अधिकारी ने की है। जिस तरह से दीपका के सिटी अंदर एवं नो एंट्री में अवैध तरीके से ट्रांसपोर्टिंग गाडियों को ट्रांसपोर्टर द्वारा संचालन किया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है। कई ट्रांसपोर्टरों के द्वारा अवैध तरीके से संचालन करने से घटना की आशंका बनी रहती है। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र से आवाजाही करने वाले ट्रेलर पर एमव्ही एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का हंगामा, कोच की ऐसी खराब होने से यात्रियों ने रोक दी ट्रेन

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। कोच की ऐसी खराब होने के कारण यात्रियों ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चेन पुलिंग की और घंटों ट्रेन को रोके रखा। रात लगभग 12 बजे कोच को अगले स्टेशन में सुधार करने की बात कहकर रवाना कर दिया गया। गर्मी के सीजन में यात्रियों को राहत देने रेलवे द्वारा इन दिनों बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन की सुविधा भी दी है। शनिवार को जब यह ट्रेन सिकंदराबाद से छूटी क्क-4 कोच और-1 कोच के एसी ने काम करना बंद कर दिया। यात्रियों ने टीटीई को सूचना तो वहां से आगे के स्टेशन में सुधार होने की बात कह दिया गया। इसके बाद सिकंदराबाद से बिलासपुर तक इसी तरह यात्री परेशान रहे। बिलासपुर तक बिना एसी के ट्रेन में सफर करते रहे। बिलासपुर में जब ट्रेन पहुंची तो यात्रियों ने उतर कर कोच में सुधार करने कहा लेकिन बिना सुधार के ही ट्रेन को आगे रवाना कर दिया। तब यात्री आक्रोशित हो गए और चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। यात्रियों ने स्टेशन पर अधिकारियों से कोच बदलने की मांग की। अधिकारी आश्वस्थ करते रहे लेकिन कोच नहीं बदला गया। इस दौरान यात्रियों ने 7 से 8 बार चेन पुलिंग की और ट्रेन को आगे नहीं बढ़ने दिया।

## नाराज ग्रामीणों ने बंद कराया गेवरा खदान में मिट्टी निकासी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम नरईबोध के निकट कोयला खदान के संचालित होने से ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। खदान में की जा रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से ग्रामीणों के मकान में दरार आने लगी है। इसके अलावा ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए खदान में मिट्टी निकासी का काम बंद करा दिया। साथ ही सड़क पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा खदान का विस्तार ग्राम नरईबोध तक पहुंच चुका है। खदान गांव के नजदीक तक पहुंच चुकी है। ऐसी स्थिति में खदान में चल रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन के समक्ष कई बार अपनी समस्याएं रखी, पर समस्या का समाधान नहीं हो सका। पूर्व में नरईबोध के ग्रामीण पानी, हैवी ब्लास्टिंग, रोजगार को लेकर खदान के काम को बंद कराए थे जिसमे एसईसीएल के अधिकारी गांव के स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने, पाइप लाइन से खदान के पानी को नरईबोध के तालाब में पानी भरने, नए बोर खोदने, पानी टैंकर से पानी की व्यवस्था करने की बात कहे थे, कुछ दिन कुछ घरों में पानी टैंकर कभी कभार आता था तो कभी नहीं आता जिससे लोगों पानी की भारी समस्या होती थी, बार बार एसईसीएल के रवैए से क्षुब्ध हो रविवार को नरईबोध के ग्रामीण महिलाओं सहित सैकड़ों की संख्या में गेवरा खदान उतर कर खदान के मिट्टी खनन, कोयला खनन के काम दोपहर 12 बजे तक बंद करा दिए था। जानकारी मिलते ही एसईसीएल के अधिकारी स्थल पर पहुंचे और लोगों को फिर से आश्वासन दिया कि हैवी ब्लास्टिंग को कम करेंगे। साथ ही नरईबोध के पानी के लिए नए टेंडर जारी करने की बात कही गई। आठ जून को सीजीएम कार्यालय में बैठक कर स्थानीय लोगों को आउटसोर्सिंग में रोजगार मुहैया करने की बात जीएम माइनिंग अशोक सिंह व सुरेश चैधरी ने लिखित में दिया। ग्रामीणों ने कहा कि आठ जून को पहल नहीं होती है तो नौ जून को पुनः नरईबोध के ग्रामीण गेवरा खदान के काम को पूर्ण रूप से अनिश्चित कालीन तक बंद कराने की बात गांव वालों ने की है, जिसमें एसईसीएल के अधिकारियों ने अपनी सहमति भी दी हैं। धरना स्थल में राकेश पटेल, कोमल दास, रमेश दास, जय कौशिक, दीपक साहू , पप्पू यादव, मन्नू चैहान, रामा बाई, गंगा बाई, अघ्घन बाई, परमिला बाई, रमिला सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्टील बैंक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में देगा अहम योगदान: नरेन्द्र देवांगन

### गेवराबस्ती में कटघोरा विधायक और पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में किया गया शुभारंभ



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के गेवरा बस्ती में सुनीता मिरी निशुल्क स्टील बैंक का शुभारंभ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की सरकारी स्तर पर लंबे समय से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' और थर्मोकोल के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही जाती है, लेकिन अब तक इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग सका है। इस कारण इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। दूसरी बात यह भी है कि लोगों के पास प्लास्टिक का कोई सरल और सस्ता विकल्प भी नहीं है। इस समस्या को देखते आज एक अनूठी पहल की शुरुआत हुई है। इस 'बर्तन बैंक' की विशेषता यह है कि किसी भी शादी-विवाह या अन्य कार्यक्रमों के लिए नगर परिषद की ओर से सिर्फएक रुपए पर स्टील के चार बर्तन दिए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बड़ी पहल है। श्री देवांगन ने कहा की पहले ही प्लास्टिक और थर्मोकोल मुक्त बनाया जा चुका है। इसके बाद भी मुख्य समस्या यह थी कि शादी या अन्य समारोहों में लोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले बर्तनों का उपयोग करते हैं। यह एक गंभीर समस्या है। इस अवसर पर देवी कौशिक, दुर्योधन नागपुरे, राजेश पटेल, संतोष राठौर, सालिकराम दूबे, मन्नू राठौर, रामकुमार राठौर, नरेन्द्र गोस्वामी, जनक राम पटेल, योगेश दास, महाजन सेठ आदि सहित समिति से सुनीता मिरी, सुमन पावर, साधन बाई, लक्ष्मीन पटेल, बबिता सोनवानी, रामेश्वरी लता साहू, संगीता दुबे आदि भी उपस्थित रहीं।

## बिलासपुर में सवारी ले जा रही पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन बच्चों सहित 25 घायल

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर जिले सवारियों से भरी पिकअप हादसे का शिकार हो गई। रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चो सहित कुल 25 लोग घायल हो गए। घायलों में 9 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 30 लोग सवार होकर मरही माता दर्शन करने जा रहे थे। रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलगहना के बीच ग्राम रानी बछली मोड़ के तरफसे आ रही ट्रक सीजी 15 छ्ङ्ख 8312 से टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब गाड़ी मे सवार सभी लोग घायल हो गये जिसे तत्कालिक इलाज के लिए रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाया गया वहीं कुछ घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण कुछ लोगों को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले बताया जा रहा हैं फिलहाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएससी के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पोड़ीबहार निवासी कालेज छात्र ने अपने घर में फांसी लगा कर जान दे दी। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम साहिल मेखले है, वह बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। स्वजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था, किसी से कोई बातचीत नहीं करता था और गुमसुम रहा करता था। खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला जाता था।पिता चंद्रशेखर मेखले ने बताया कि उसकी पत्नी कुछ साल पहले कहीं चली गई। उसके ऊपर तीन बेटे की जवाबदारी बढ़ गई और वह रोजी मजदूरी कर बच्चों को पढ़ा-लिखा रहा था। बड़ा बेटा किसी निजी कंपनी में काम कर जीवन यापन करता है। वहीं साहिल दूसरे नंबर का बेटा था और बीएससी का स्टूडेंट था। उसने बताया कि शुक्रवार रात भी साहिल ने पहले खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी समय बीत जाने के बाद भी वह कमरे से बाहर नहीं निकला। इसके बाद उन्हें अनहोनी होने की आशंका हुई। कमरे में जाकर देखा तो साहिल फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सिविल लाइन थाने में पदस्थ दुर्गेश राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई शुरू की।

### भीषण गर्मी से अब तक 12 की मौत

**जांजगीर-चाम्पा(विश्व परिवार)।** जांजगीर-चाम्पा जिले में लू से मौत का आंकड़ा बढ़ते जा रहा है। जिले में लू से फिर 2 लोगों की मौत हुई है। जांजगीर के वार्ड 14 में युवक राजेश यादव तो सिवनी गांव के सेलून संचालक देवकुमार श्रीवास की लू से मौत हुई है। आपको बता दें कि इससे पहले जिले में 10 लोगों की मौत हुई थी। जिले में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब नवतपा की भीषण गर्मी में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। जिस तरह से ग्रामीण इलाके से जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। नवतपा में इस बार भीषण गर्मी पड़ी, जो लोगों की जान पर मुसीबत बन गई है। जिले में तापमान 48 तक पहुंचा था और मानव जीवन के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए इस बार की गर्मी परेशानी का सबब रही। पिछले 5 दिनों से लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। पहली मौत, जांजगीर के स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की हुई, फिर शिवरीनारायण में ड्राइवर की मौत हुई थी। फिर चाम्पा में ड्राइवर और हेल्पर की लू से मौत हुई थी। इसके बाद नवागढ़ में 6 लोगों की मौत हुई। इसके बाद आज जानकारी सामने आई कि लू से जांजगीर के वार्ड 14 के युवक और सिवनी गांव में सेलून संचालक की मौत हो गई। अभी जिस तरह की जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### हाथियों के दल ने छोड़ा केंदई रेंज

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कापा नवापारा व लालपुर डंपिग क्षेत्र में पिछले कई दिनों से डेरा जमाए हाथियों के दल ने बीती रात पसान व जटगा रेंज का रूख कर लिया है। बड़ी संख्या में मौजूद हाथियों के अन्यत्र जाने से केंदई में हाथियों की गतिविधि निरंक हो गई है। हाथियों के लगातार क्षेत्र में डेरा डालने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ था। साथ ही वन विभाग के अमले के समक्ष सुरक्षा को लेकर चुनौती बनी हुई थी। अमला द्वारा हाथियो की लगातार निगरानी की जा रही थी। हाथियों के दीगर क्षेत्र में जाने से अमले ने राहत की सांस ली है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि संबंधित परिक्षेत्र के स्टाफको हाथियों के जाने तथा उनके क्षेत्र में पहुंचने के संबंध में सूचित कर दिया गया है। अमला निगरानी में जुट गया है।

### कुसमुण्डा कोल स्टॉक-25 के पास मिला जला शव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा में एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला है। मौके पर विद्युत तार उपस्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक केबल चोरी से जुड़ा हुआ था। क्षेत्र के ग्रामीणों ने उसका शव सुबह देखा और पुलिस को इस बारे में खबर की। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिले शव की पहचान कपूरदास निवासी जपेली के रूप में की गई है। वह चार दिन से लापता था। आसपास में उसकी खोज की जा रही थी। इस बीच सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने 77 चैक के ट्रांसफार्मर और कोल स्टॉक नंबर-25 के बीच में उसे मृत हालत में देखा। शव जला हुआ पाया गया। मौके पर केबल भी थे। इससे कयास लगाया जा रहा है कि करंट के प्रभाव में आने से उसकी मौत हुई। इलाके में इस तरह की चर्चाएं हैं कि मृतक चोरी के मामले में लिप्त रहा है। शव मिलने के बारे में पुलिस को अवगत कराया गया है। उक्तानुसार पुलिस कार्रवाई करेगी।

## संपादकीय

### हम अर्बन हीट आइलैंड के प्रभाव में

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई भागों में गर्मी कहर बरपाए हुए है। राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों के साथ ही उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में भी यही हाल है। कई राज्यों में स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा है। आगामी दिनों में भी गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से राहत के आसार नहीं हैं। देश में जगह-जगह लगातार गर्मी का रिकॉर्ड टूट रहा है। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच, दिल्ली-एनसीआर गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। महानगर दिल्ली में पानी की किल्लत इस कदर है कि पानी की राशनिंग करने तक की नौबत आ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली में पेयजल संकट का ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ते हुए चेताया है कि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में छोड़ना बंद कर दिया है। दिल्ली के नागरिकों को भी उन्होंने चेताया है कि गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पानी का इस्तेमाल न करें। गाड़ी धोने जैसे कामों में पानी का इस्तेमाल न हो। यदि पानी का इस्तेमाल गैर-जिम्मेदाराना तरीके से होता मिला तो चालान भी किए जा सकते हैं। भीषण जल आपूर्ति का सामना कर रहे इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति दिन में दो बार की बजाय एक बार करने की बात भी कही गई है। कई इलाकों से लोगों के गर्मी और लूट की चपेट में आकर बीमार पड़ने के मामले भी आने लगे हैं। लू की चपेट में आए लोगों को बुखार, सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी शिकायतें हैं। हीट स्ट्रोक के साथ ही डिहाइड्रेशन की गंभीर चुनौती भी दरपेश है। इससे बच्चों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी और लू का आलम यह है कि दिन ही नहीं देर शाम तक भी लू और गर्म हवाएं लोगों को हलकान किए रहती हैं। भीषण गर्मी और लू किसी एक साल तक सीमित मौसमी घटना नहीं है। दरअसल, बढ़ते शहरीकरण के चलते हरियाली की कमी और सीधी धूप के निशाने पर आने के कारण हम 'अर्बन हीट आइलैंड' (यूएचआई) के प्रभाव में हैं, जिसके आने वाले समय में बढ़ने की ही संभावना है, कम होने की नहीं। ऐसी अति मौसमी स्थितियों में रहना हमें सीख लेना होगा।

# कल के उजाले की आस देता दिन

डॉ सुनील जैन संचय



पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है ङ्क 'परि' + 'आवरण'। 'परि' का अर्थ है- चारों ओर और 'आवरण' का अर्थ है-घेरा। वह घेरा जो हमारे चारों ओर व्याप्त है और जिसमें हम जन्मते, बढ़ते व जीवनयापन करते हैं, पर्यावरण कहलाता है। पूरी दुनिया में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का लक्ष्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और उसकी सुरक्षा के प्रति जागरुक करना होता है। इस दिन को मनाने की घोषणा साल 1972 में संयुक्त राष्ट्र ने की थी। आज प्राकृतिक संसाधनों का दोहन जिस तरह से और जिस स्तर पर किया जा रहा है, उससे पर्यावरण को निरंतर खतरा बढ़ता जा रहा है। आज के समय में जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, विकरणीय प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, समुद्रीय प्रदूषण, रेडियोधर्मी प्रदूषण, नगरीय प्रदूषण, प्रदूषित नदियां, जलवायु बदलाव, और ग्लोबल वार्मिंग का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण से धरती को दूर रखना रखा आज चुनौती बन चुका है।

### प्राकृतिक ऑक्सीजन यानी पेड़ लगाएं

अब जब मशीनों से ऑक्सीजन स्तर जांचने की जरूरत पड़ रही है तो जरूरी है कि हम गंभीर हो जाएं और अपने हिस्से की ऑक्सीजन की व्यवस्था सिलेंडर से नहीं बल्कि कुदरत से करें । पेड़ लगाएं, उनकी देखभाल करें, प्रकृति के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। पेड़ हमारी अच्छी सेहत के लिए बहुत ज़रूरी हैं. इसीलिए, डॉक्टर पेड़ों और हरियाली के बीच वक़्त बिताने की सलाह देते हैं. इनके बीच समय बिताने से औसत आयु बढ़ती है. हम बीमार कम पड़ते हैं. तनाव भी कम होता है। अमरीका के बाल्टीमोर राजय में पेड़ों की संख्या बढ़ने से अपराधों में कमी आती देखी गई है। वन हैं तो हम हैं : एक सर्वे में आए आंकड़ों के मुताबिक रोजाना 27,000 पेड़ कटते हैं जिसके बाद दुनिया में टॉयलेट पेपर की आपूर्ति की जाती है। एक अनुमान के अनुसार सन् 1990 के दशक में प्रति मिनट लगभग 70 एकड़ वनों का विनाश हो रहा था तथा पिछले तीन दशकों में विश्व के लगभग 20 प्रतिशत वनों का विनाश हमें चिंतातुर बनाए हुए है। वनों के विनाश से एक ओर कई जीव-जातियां न केवल विलुप्त हो गईं और हो रही हैं, उससे कई तरह की समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। सुदूर संवेदी उपग्रहों से लिए गए चित्रों से ज्ञात हुआ है कि भारत में प्रतिवर्ष 13 लाख हेक्टेयर भूमि से वन नष्ट हो रहे हैं। वन विभाग की ओर से प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट की अपेक्षा यह दर आठ गुना अधिक है।




### जीवनदायी हैं वृक्ष

प्राणवायु ही नहीं जीवन के आधार हैं पेड़, पेड़ों से निकलने वाली ऑक्सीजन मानव जीवन को बचाती है । नीम, बरगद, तुलसी तथा बांस की प्रजातियां सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले हैं। पेड़, पौधे पेड़ों की जड़ें मिट्टी के छरण को रोकती हैं। जिससे वातावरण में धूल कम बनती है । पेड़ भूजल स्तर बढ़ाने में सबसे ज्यादा मदद करते हैं, बड़, शीशम, पीपल, आम आदि इसमें बेहद सहायक हैं। पेड़ वायुमंडल के तापक्रम को कम करते हैं । पेड़ों से घिरी जगह पर दूसरी जगहों की अपेक्षा तीन से चार डिग्री तापमान कम होता है । यह अमूल्य संपदा हमें ग्लोबलवार्मिंग, सूखा ,बाढ़ , भूकंप जैसी कई प्राकृतिक आपदाओं से बचाती है। इमली, बेल, जामुन, बेर,गूलर, खेर सहित शरीफा, शहतूत जैसे बहुत योगी वृक्ष आज विलुप्ति की कगार पर हैं। अर्जुन, अशोक, शीशम, कदंब के पेड़ों के अलावा पीपल ,बरगद जैसे भरपूर ऑक्सीजन देने वाले पर्यावरण हितैषी पेड़ों की संख्या भी कम होती जा रही है। पेड़ हमारे लिए इतने काम के हैं, फिर भी हम इन्हें इतनी बेरहमी से काटते रहते हैं, जैसे कि इनकी इस धरती के लिए कोई उपयोगिता ही नहीं. इंसान ये सोचता है कि इनके बग़ैर हमारा काम चल सकता है। हम ये सोचते हैं कि आर्थिक लाभ के लिए पेड़ों की कुर्बानी दे सकते हैं। मनुष्य अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वनों को काटता जा रहा है। वनों के कटाव से कृषि क्षेत्र की मिट्टी ढीली हो जाती है। मूसलाधार वर्षा बाढ़ का सबब बनती है और भूस्खलन भी होता है। वनों के कटते जाने से वर्षा भी समय पर नहीं होती। अत: इनके कटाव पर प्रतिबंध होना ही चाहिए। इसका एक उपाय और भी है कि वनों के काटने से पहले नए वनों की स्थापना की जाए। खाली स्थानों पर वृक्ष लगाए जाएं और जन सहयोग के आधार पर समय-समय पर वन महोत्सव मनाए जाएं। इस ग्रह को पेड़ जो सेवाएं देते हैं, उनकी फ़ेहरिस्त बहुत लंबी है। वो इंसानों और दूसरे जानवरों के छोड़े हुए कार्बन को सोखते हैं. ज़मीन पर मिट्टी की परत को बनाए रखने का काम करते हैं. पानी के चक्र के नियमितीकरण में भी इनका अहम योगदान है. इसके साथ पेड़ प्राकृतिक और इंसान के खान-पान के सिस्टम को चलाते हैं और न जाने कितनी प्रजातियों को भोजन प्रदान करते हैं. इसके अलावा ये दुनिया के अनगिनत जीवों को आसरा देते हैं। कोविड के दौर में हम सबने देखा लोग ऑक्सीजन के अभाव में अपनी जान गवा रहे थे और ऑक्सीजन के मुह मांगे दाम दे रहे थे शायद लोगो को ऑक्सीजन की अहमियत का पता चल गया होगा क्योंकि वनों से ही हमे प्राणवायु मिलती है जिससे हमारा जीवन सम्भव हो पाता है तो आओ हम सभी मिलकर अपनी प्राकृतिक आक्सीजन का संरक्षण करें।

बंद कमरे में सांस घुटी जाती है।

खिड़की खोलूं तो जहरीली हवा आती है।।

पिछले तीस-पैंतीस सालों का यदि जायजा लें तो खुलासा होता है कि छोटे कस्बों-शहरों से महानगरों के बीच की दूरी आये दिन बढ़ते कंक्रीट के जंगलों के चलते लगातार कम होती जा रही है क्योंकि जहाँ राजमार्ग-सड़कों के दोनों ओर लहलहाती खेती नजर आती थी, जंगल दिखाई देते थे, वहाँ अब गगनचुम्बी अट्टालिकाएँ और औद्योगिक संस्थानों की जहरीला धुँआ छोड़ती चिमनियाँ नजर आती हैं, हरे-भरे जंगल सूखे मैदान और पहाड़ियाँ सूखी-नंगी दिखाई देती हैं। काटे गए हरे पेड़ों के लट्ठो से लदे ट्रक राजमार्गों पर बेखौफ गुजरते दिखाई देते हैं। ऐसी हालत में वृक्षों, वनों, वन्य जीवों के जीवन और पर्यावरण की रक्षा की आशा कैसे की जा सकती है। गौरतलब है कि पृथ्वी को उजड़ने के कगार पर पहुँचाने में जो कारक उत्तरदायी हैं, उन पर कभी सोचने का प्रयास ही नहीं किया गया। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और मौसम में आ रहे बदलाव इस बात का पर्याप्त संकेत दे रहे हैं कि यदि हमने पर्यावरण रक्षा की गम्भीर कोशिशें नहीं कीं तो आने वाले दिनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाएगी जिसे सम्भालना बहुत मुश्किल हो जाएगा। औद्योगीकरण और नगरीकरण की प्रक्रिया में घने वन-उपवन तो उजाड़े ही गए, इससे पर्यावरण सन्तुलन भी काफी हद तक बिगड़ा। अभी भी वक्त है, हम चेतें अन्यथा प्रकृति कब तक अनावृत्त होकर हमारे अनाचार सहती रहेंगी। जिस प्रलय का इंतजार हम कर रहे हैं, वह एक दिन इतने चुपके से आयेगी कि हमें सोचने का मौका भी नहीं मिलेगा। जरुरत है कि हम प्रकृति व पर्यावरण को मात्र पाठ्यक्रमों व कार्यक्रमों की बजाय अपने दैनिंदिन व्यवहार का हिस्सा बनायें। आज पर्यावरण के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए सामूहिक जनभागीदारी द्वारा भी तमाम कदम उठाये जा रहे हैं। जानकर कहते हैं कि कोरोना जैसी विश्व व्यापी महामारी पर्यावरण, प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है। इस तरह 'विश्व पर्यावरण दिवस' को हम तभी सार्थकता दे सकेंगे जब विश्व स्तर पर आम जनता भी इसके निर्धारित उद्देश्यों को समझकर पर्यावरण संतुलन-संरक्षण करने की चेतना को अपने भीतर जागृत कर सके।

## विशेष लेख

# पूरी दुनिया में हल्ला

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने संतुलन के तराजू में इस्त्राइल के शीर्ष नेताओं और हमास के शीर्ष नेताओं को साथ रखने का साहस दिखाया तो पूरी दुनिया में हल्ला मच गया।आईसीसी के अभियोजन पक्ष ने हमास पर युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध, मर्डर, रेप, बंधक बनाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। वहीं नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध, जिनमें विनाश, उत्पीड़न, युद्ध के तरीके के रूप में भुखमरी पैदा करना, मानवीय राहत आपूर्ति से इनकार करना और हमास को हराने के प्रयास में जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाना शामिल है। करीम रवांडा, लेबनान और सिएरा लियोन की आपराधिक अदालतों में भी काम कर चुके हैं। ये तीनों देश गृह युद्ध और हिंसा की चपेट में आ चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने इस्त्राइल और हमास पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी पुष्टि इन घटनाओं से की जा सकती है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इस्त्राइल पर हमला किया था। हमले में 1200 लोग मारे गए थे और कई लोगों को बंधक बनाया गया था। हमास के लड़ाकों ने कई महिलाओं के साथ गैंगरेप किए, उनकी निर्मम हत्याएं की और उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया। कई लोगों की गर्दन और उनके अंग काट कर सड़क पर फेंक दिए गए और फिर आतंकी उनके साथ खेल रहे थे। कई लोगों ने लोगों की हत्या, रेप और सिर काटे जाने की आवाजें और चीखें सुनीं। हमास के आतंकवादियों के विभिन्न समूहों की क्रूरता के तरीके अलग-अलग थे। इस्त्राइल के पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने कहा कि यह पूर्वनियोजित घटना थी। माना जाता है कि हमास ने इस्लामिक स्टेट समूह और बोस्निया से महिलाओं के शरीर को हथियार बनाने का तरीका सीखा। यह सब इतना भयावह था कि कई लोग इस्त्राइल के मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों में भर्ती हैं, जो उस खौफ से अब भी नहीं उबर पाए हैं, और पागल हो गए हैं। हमास जिन्हें बंधक बना कर ले गया, वे या तो मारे गए हैं, या अंधेरी सुरंगों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिए गए हैं। हमास की निर्ममता का जवाब इस्त्राइल ने बेहद प्रतिशोधात्मक तरीके से दिया है। इस्त्राइल की जवाबी कार्रवाई में अब तक गजा और वेस्ट बैंक में 35 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सात अक्टूबर को हमास हमले के बाद इस्त्राइल ने गजा पट्टी की पूरी तरह से घेराबंदी का आदेश दिया अर्थात समूची आबादी का बिजली, पानी और ईधन बंद कर दिया गया। इस्त्राइल फिलस्तीनी क्षेत्रों पर लगातार हवाई और जमीनी हमले कर रहा है। फिलस्तीनी घायलों को भी नहीं बख्श रहा। गजा में फिलस्तीनी कैदियों को अस्पताल में बिस्तरों पर बेड़ियों से बांध कर रखा जाता है और आंखों पर पट्टी बांध दी जाती है। कभी-कभी उनके सारे कपड़े उतार दिए जाते हैं। इस्त्राइली सेना ने गजा में पूर्वी रफाह के अलग-अलग इलाकों में हमले कर लाखों लोगों को बेघरबार कर दिया है। इस्त्राइली हवाई हमलों और नाकाबंदी के कारण अधिकांश अस्पतालों ने काम करना बंद कर दिया है। बिजली और ईधन की कमी के कारण लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। फिलस्तीनी क्षेत्रों में अकाल जैसे हालात बन गए हैं। हमास को अपने अपराधों पर कोई अफसोस नहीं है और वह बंधकों को छोड़कर युद्ध खत्म करने की कोशिशें भी नहीं कर रहा। वहीं इस्त्राइल ने आईसीसी अभियोजक के इस दावे को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है कि गाजा में आईडीएफ का अभियान जानबूझकर फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से है। युद्ध अपराध और मानवाधिकार की समस्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की निष्पक्षता को नकारने से वैंकि ताकतों ने भी परहेज नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस निर्णय को भयावह बताते हुए कहा कि इस्त्राइल और हमास के बीच कोई समानता नहीं है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार और आतंकवादी संगठन की झूठी तुलना को भयावह और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। इस्त्राइली राष्ट्रपति इसहाक हरजोग ने इस्त्राइल को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार और हमास को नृशंस आतंकवादी बताते हुए आईसीसी की तुलना को अपमानजनक कहा। वहीं हमास नेताओं ने करीम खान की मांग के बारे में कहा कि वो कातिल और पीड़ित को एक बराबर रख रहे हैं। दुनिया भर में युद्ध और हिंसा के हालात हैं, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णय को नजीर की तरह लिया जाना चाहिए था जिससे संयुक्त राष्ट्र में करोड़ों लोगों का विास बढ़ सकता था। वहीं संकट यह है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का पालन कैसे होगा। आईसीसी के समझौते पर जिन 124 देशों ने हस्ताक्षर किए थे ।

# कब तक हादसों का शिकार होते रहेंगे निर्दोष....

जैसे-जैसे शहर गरम हो रहे हैं, एसी से आग लगने के हादसों में तेजी आ रही है। ऐसा ओवरलोडिंग की वजह से हो रहा है, क्योंकि हर घर में एसी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके चलते 33 किलोवाट के पावर स्टेशन के ट्रांसफॉर्मरों में भी आग लगने के आसार बढ़ जाते हैं राजनीतिक दल समस्या के जड़मूल से समाधान करने के बजाय कैसे घड़ियाली आंसू बहाते हैं, इसका उदाहरण दिल्ली के अस्पताल में और राजकोट के गेम जोन में हुई भीषण अग्नि दुर्घटनाएं हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब इस तरह के हादसों ने देश को झकझोर कर रख दिया हो। ये हादसे बताते हैं कि सरकारी तंत्र में किस हद तक भ्रष्टाचार और लापरवाही की जंग लग चुकी है। कानूनों में परिवर्तन के बावजूद ऐसी व्यवस्था नहीं की गई कि हादसे से पहले कानून का उल्लंघन करने से संभावित हादसों के लिए जिम्मेदारी तय की जा सके। इसके विपरीत सरकारें नए हादसों का इंतजार करती रहती हैं। ऐसे हादसे अपितु तो चुनावी मुद्दे बनते नहीं हैं, फिर भी कोई राजनीतिक दल इसका जिक्र करता है तो विपक्षी दल उसके शासन के दौरान हुए हादसों की फेहरिस्त थमा देता है। इससे जाहिर है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकता हादसे घटाने के लिए इंतजाम करने में नहीं है, बल्कि विरोधी दलों की असफलता गिनाने में है। दिल्ली के विवेक विहार स्थित न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर में आग लगने से सात बच्चों की मौत हुई थी। वहीं, शाहदरा में एक चार मंजिला इमारत में लगी आग की घटना में तीन लोगों की मौत हुई थी। पुलिस के मुताबिक सुविधा में कोई अग्निशामक यंत्र या आपातकालीन निकास नहीं था। दुर्घटना के समय जो डॉक्टर ड्यूटी पर था, वह नवजात प्रोत्साहन देखभाल की आवश्यकता वाले नवजात शिशुओं का इलाज करने के लिए योग्य नहीं था। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय या डीजीएचएस द्वारा अस्पताल को जारी किया गया लाइसेंस दुर्घटना से लगभग दो महीने पहले ही 31 मार्च को समाप्त हो चुका था। इस अग्निकांड में अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची को कल गिरफ्तार कर लिया गया। आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद एक अन्य डॉक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह गुजरात के राजकोट में एक गेम जोन में आग लगने की घटना में 12 बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ ने इस हादसे पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि इस तरह के गेम जोन जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए हैं। साथ ही हादसे को लेकर कहा कि यह प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा है। इससे पहले भी ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति अलग-अलग स्थानों पर होती रही है। 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी ब्रिज त्रासदी में 135 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। 137 साल पुराना सस्पेंशन ब्रिज मरम्मत के बाद पांच दिन पहले ही फिर से खुला था। मोरबी पुल की मरम्मत में जिन सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया था, उनकी गुणवत्ता घटिया थी। इस वजह से पुल की संरचना ही कमजोर बनी। 143 वर्ष पुराने इस पुल का किसी ने कभी संरचनात्मक ऑडिट तक भी नहीं किया था। इस सस्पेंशन ब्रिज के कई केबलों पर जंग लग चुका था, जिस वजह से उनकी भार उठाने की क्षमता पहले के मुकाबले कम हो गई थी। पुल को देखने आए लोगों को किसी आपात स्थिति में बचाने के लिए यहां कोई इंतजाम पहले से नहीं था। इस ब्रिज की मरम्मत को लेकर भी कंपनी के पास कोई कागजात नहीं थे। कंपनी को पुल के मरम्मत का काम दिसंबर तक करने का समय दिया गया था, लेकिन उसने इसे जल्दी खोल दिया। मोरबी पुल हादसे से पहले गुजरात के सूरत के सरथाना इलाके में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से कम से कम 22 छात्रों की मौत और कई अन्य घायल हो गए थे। यह कोचिंग सेंटर तक्षशिला कॉम्प्लेक्स की तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित था। इस कोचिंग सेंटर में ज्यादातर किशोर थे। सभी छात्रों की मौत दम घुटने या कॉम्प्लेक्स से कूदने के कारण हुई। अग्नि या दूसरी दुर्घटनाओं के प्रति सरकारों की गैर जिम्मेदारी का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि देश की राजधानी दिल्ली में इस साल अब तक आग से 55 लोगों की मौत हो गई और 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। वर्ष 2023 में इसी अवधि के दौरान 36 लोगों की जान गई थी। देश में पांच साल में 50 हजार से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। वर्ष 2021 में आगजनी की 8491 घटनाएं दर्ज हुई हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक 2017 से लेकर 2021 तक पांच साल में आग लगने की 55 हजार 353 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें 54 हजार 280 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 4348 आगजनी की घटनाएं रिहायशी इलाकों और इमारतों में हुईं। इसके बाद कॉमर्शियल इमारतों में 274, गाडियों में 241 घटनाएं हुईं। राहत की बात है कि साल दर साल आग लगने की घटनाओं और मृतकों की संख्या में गिरावट हो रही है। इसी साल आग लगने की कुल घटनाओं में से कम से कम चार घटनाएं ऐसी थीं,

# प्रकृति का संरक्षण करके खुशहाल बनायें जीवन

### प्रकृति के अनुपम उपहार हैं वृक्ष

शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार जैन



पर्यावरण के बिना मानव का अस्तित्व संभव नहीं है।आज पर्यावरण के प्रति बढ़ते खतरों को रोकने के लिए और इसे सुरक्षित रखने के लिए और जन समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व भर में पर्यावरण और प्रकृति के सम्मान के लिए विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को लोगों के द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।संपूर्ण विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है।विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी।पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था।इसमें अनेक सरकारी सामाजिक व्यवसाय पर्यावरण की सुरक्षा और समस्या संबंधी विषयों पर चर्चा करते हैं। मौजूदा समय में मानव जाति द्वारा प्रकृति के नियमों का उल्लंघन,अति विलासता का ही परिणाम है कि एक अदृश्य विनाश ने सम्पूर्ण दुनिया की प्रगति पर विराम लगा दिया है। लाखों लोग बेरोजगार हो गये हैं।इस बीमारी के पीछे हमारी धन लिप्सा,प्रकृति के साथ अन्याय एवं विकास का विकृत मॉडल अपनाकर प्रकृति के साथ अन्याय करना ही है।कोरोना जनित महाबीमारियों ने विकसित से लेकर विकासशील राष्ट्रों को सोचने को मजबूर कर दिया है।यदि प्राकृतिक पर्यावरण जल,जंगल और जमीन के साथ दुर्व्यवहार किया तो हमें दुष्परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा।अब समय आ गया है कि हम सभी विश्व स्तर पर पर्यावरण के प्रति व्यवहार परिवर्तन की पद्धति को लोगों में जागृत करें।हमें सोचना चाहिए कि इंसानों के लालच के कारण सामने आया प्रकृति का क्रोध(प्रदूषण) कैसे शांत हो।ताकि प्रकृति से अनमोल रिश्ता जुड़ा रहे। पृथ्वी के लगातार शोषण और लालच ने मनुष्य को स्वस्थ पर्यावरण से दूर कर प्रदूषण की अंधी आंधी में धकेल दिया है। हम सभी वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भूल चुके हैं।पृथ्वी पर स्थित एक कोशीय प्राणी से लेकर बहु कोशीय प्राणियों को उसी प्रकार जीने का अधिकार है जिस प्रकार सभ्य एवं सुशिक्षित मनुष्य के लिए। विश्व के सभी जीवों का पालन- पोषण का कार्य यह पर्यावरण पृथ्वी का दायित्व है। जब-जब मनुष्य ने अपनी सीमाएं लांघने की कोशिश की तो पर्यावरण ने समय-समय पर चेताने के लिए सिर्फ संकेत कोविड-19 जैसे ही दिए हैं। हमें याद रखना चाहिए कि हमारे पूर्वज प्रकृति को मां का दर्जा देते थे।प्रकृति ने हमें सदैव प्रकृति का सम्मान करने की शिक्षा दी है। लेकिन इतिहास के किसी मोड़ पर हम उनके दिखाए मार्ग से हट गये।हमने अपने विवेक का परित्याग कर दिया है।अब महामारियों और असामान्य मौसमी सभी घटनाएं आम होती जा रही हैं।अब समय आ गया है कि हम थोड़ा ठहर कर विचार करें कि हम कहां भटक गए हैं। पर्यावरण के समक्ष हम सभी बराबर हैं।बसुधैव कुटुंबकम का सद् विचार संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानता है।यह कथन आज के संदर्भ में कितना सार्थक है उतना पहले कभी नहीं रहा। आज प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से गहराई से जुड़ा है। हम पर्यावरण में तभी तक सुरक्षित हैं जब तक हम दूसरों का ख्याल रखते हैं।हमें केवल मनुष्यों का नहीं अपितु पेड़ -पौधों और पशु-पक्षियों की सुरक्षा भी करनी है।




वर्तमान समय में वृक्षों से मिलने वाली आक्सीजन की कीमत भी समझ में आ गई है।प्राणवायु हमें वृक्षों से ही मिलती है और व्यक्ति स्वस्थ रहता है। तभी हम प्रदूषण मुक्त विश्व की कामना कर सकेंगे और कहेंगे कि सर्वे भवंतु सुखिन:,सर्वे संतु निरामया अर्थात् विश्व के समस्त प्राणी सुखी हों एवं विश्व के समस्त प्राणी निरोगी रहकर सुंदर,स्वस्थ, निरोगी जीवन को प्राप्त कर मानव का कल्याण करें और अपना कल्याण करें।तभी विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की सार्थकता सिद्ध कर सकेंगे।विश्व पर्यावरण दिवस यानी प्रकृति हमें पुन: स्मरण कराना चाहती है कि हम पूरी विनम्रता,मनुष्यता,अहिंसात्मक गुणों के साथ समानता, परस्पर निर्भरता के मूलभूत जीवन मूल्यों को स्वीकार करें।जलवायु संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों,कोविड -19 वायरस जनित बीमारियों का सामना करने और सुंदर भविष्य के निर्माण में हम विश्व के नागरिकों को परस्पर सहयोग की भावना को विकसित करना होगा तभी यह विश्व सत्यम्,शिवम् और सुंदरम की कल्पना को सार्थक कर सकेगा।अब समय आ गया है कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रोग्राम होना चाहिए जिसमें हर वर्ग के लोगों को भागीदारी करनी चाहिए। दुनिया में 50 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपना जीवन खो चुके हैं।प्रदूषित जल से भी लाखों लोग मर रहें हैं।हमें प्रकृति से सबक लेना चाहिए और विश्व के नेताओं को विकास की एक सीमा रेखा तय करना चाहिए और गंभीरता से विचार करना चाहिए कि हम सबको मिलकर प्रकृति,विकास और पर्यावरण की एक लक्ष्मण रेखा खींच देना चाहिए।अब इससे आगे हम अब नहीं बढ़ेगें। तभी हमारी नदियां निर्मल और स्वच्छ होकर बहेंगीं।जब हमारी प्रकृति हरी-भरी होगी तभी कोरोना जैसी महामारी विश्व से दूर होगी। सुंदर-सुखद समाज की रचना होगी।हमें इस पर्यावरण दिवस पर अपनी कार्यशैली और योजना दोनों पर तेजी से काम करना होगा।उद्योग धंधों को इस प्रकार विकसित करें कि कार्बन का कम से कम उत्सर्जन हो और अपशिष्ट कम से कम नदियों में बहाए जाएं।बिजली ऊर्जा ऐसे स्त्रोतों से प्राप्त हो जिससे प्रदूषण कम हो।हमें सोचना होगा कि इतिहास का काला अध्याय है और कोविड-19 से सीख लेकर अपने काम करने के तरीके बदलने होंगे। प्रकृति अपना फैसला सुना चुकी है और अब हमारा भविष्य पूरी तरह से हमारे हाथों में ही है।हमें प्रकृति के प्रति महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि नरमी दिखाने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि हम धरती पर विकास बनाम विनाश का भार कम करें और आज के दिन अपनी आकांक्षाओं को कम करने की प्रतिज्ञा करें।ताकि सम्पूर्ण विश्व खिलखिलाती प्रकृति,अठखेलियाँ धरती मां को देखें और उसकी गोद में पावन आनंद का अनुभव करें।तभी हमारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाना सार्थक होगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, बुधवार 05 जून 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु हावड़ा-पुणे-हावड़ा एवं हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस एवं 12222/12221 हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। विवरण इस प्रकार है- यह सुविधा गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी में हावड़ा से 05 व 07 जून 2024 को तथा गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा में सीएसएमटी से 06 व 09 जून 2024 को उपलब्ध रहेगी। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे में हावड़ा से 06 जून 2024 को तथा गाड़ी संख्या 12221 पुणे-हावड़ा में पुणे से 08 जून 2024 को उपलब्ध रहेगी।

### गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा- अच्छे कर्मों का रखें बैंक बैलेंस



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का विवेक विहार जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। गुरु मां ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या करवाने का सुअवसर श्यामसुंदर जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ। ममता सौगानी जापान वालों ने पूज्य गुरु मां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। 5 जून 2024 को प्रात: 7 बजे सिद्धार्थ नगर, जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। प्रवचन सभा के दौरान श्रद्धालुओं को ध पैसों की तरह धर्म का बैंक बॅलन्स रखने का उपदेश देते हुए माताजी ने कहा कि- जैसे व्यक्ति पूरा जीवन सुख से बीते एवं आने वाली पीढ़ी का भी जीवन सुखमय हो इस उद्देश्य से अपने बैंक में बॅलन्स बनाके रखता है उसी प्रकार धर्म, अच्छे कर्मों का बैंक बॅलन्स जीवन को सुखमय बनाता है। क्योंकि पैसों से तुम बिस्तर खरिद सकते हो नींद नहीं, पुस्तक खरीद सकते हो ज्ञान नहीं। पैसे से हर एक वस्तु खरीद सकते हो पर धर्म नहीं, सुख नहीं। जहाँ धर्म है वहीं सुख-शांति और अमन है।

## गर्भ में ही गर्भस्थ शिशु की हत्या करना महान कुकृत्य एवं घोर पाप है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में युग की ऐसी विडंबना है कि लोगों को एक जीता जागता इंसान नहीं दिखता। गर्भ में ही गर्भस्थ शिशु की हत्या कर देते हैं यह एक महान कुकृत्य, घोर पाप है, ऐसा कुकृत्य करने बालों को इस अपराध की सजा जन्मोजन्म तक भोगना पड़ती है। उपरोक्त उद्‌गार शंकासमाधान एवं भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने श्री धर्मनाथ दि.जैन मंदिर के जिन विंव पंचकल्याणक महोत्सव के अबसर पर गर्भकल्याणक दिवस पर आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किये ।उन्होंने उपस्थित जन समुदाय के साथ साथ संपूर्ण देश बासिओं को पारस एवं जिनवाणी चैनल तथा प्रमाणिक ऐप के माध्यम से संकल्प दिलाते हुये कहा कि गर्भ कल्याणक मनाना तभी सार्थक होगा जब सभी माता बहनें यह सकल्प लें कि में कभी भी गर्भपात या भ्रूण हत्या न तो करूंगी और न इसकी अनुमोदना करूंगा या करूंगी उन्होंने कहा कि गर्भपात घोर निंदनीय कार्य है, जिंदगी में ऐसा कार्य भूल बस हो गया है तो वह अपनी भूल का गुरु से प्रायश्चित लें अन्यथा इस कुकृत्य की ऐसी सजा मिलेगी कि भविष्य में आप संतान से ही बंचित हो जाओगे उन्होंने गर्भस्थ शिशु के संस्कारों पर बात करते हुये कहा कि गर्भ धारण के पश्चात नौ माह तक पति और पत्नी को संयम का परिचय दैना चाहिये उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि यदि सुभद्रा की आंख नहीं लगती तो अभिमन्यु को रणक्षेत्र में मरना नहीं पड़ता आजकल की माताओं को शिक्षा देते हुये कहा कि बच्चों को मोवाइल से दूर रखो आप लोग जरा जरा सी बात पर बच्चों को मोवाइल दे देती हो और जब उनकी आदत में मोबाइल आ जाता है तो फिर उनकी सिकायतें करती है कि बच्चे हमारी सुनते नहीं है। सुनेंगे कैसे? तुम्हारे जैसे संस्कार है, बही संस्कार तो बच्चों में आऐगे ?, उन्होंने कहा कि घर में एक ऐसा बाताबरण एवं आदर्श स्थापित करो कि लोग आपके घर का उदाहरण दें। अपने बच्चों को समय दो खुद भी कुलाचार का पालन करो, बच्चों में संस्कार शिक्षा के लिये पाठशाला में लेकर जाओ मुनि श्री ने कहा कि जिसघर मे कुलाचार होता है उधर के बच्चे अपने सुस्कारों के साथ जीते है, तथा आपके कुल एवं समाज का नाम रोशन करते है। उन्होंने सभी लोगों को संकल्पित कराते हुये कहा कि यह सुनिश्चित करें कि हम अपने गृह संस्कार को कभी खंडित नहीं होने देंगे उन्होंने दिन में शादी दिन में भोज की बात करते हुये कहा कि समाज में सामुहिक डंड की व्यवस्था होंनी चाहिये यदि कोई रात्री में भोज की व्यवस्था करता है या सामाजिक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसका सामुहिक रुप से वहिष्कार करो उन्होंने कहा कि तथा कथित समृद्ध लोग ही सामाजिक मर्यादाओं तथा संस्कार एवं संस्कृति की होली जला रहे है उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि समाज का यह मौन सामाजिक व्यवस्था को नष्ट करने बाला है इस अबसर पर बच्चों में पाठशालाओं के माध्यम से संस्कारित करने बाले मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज तथा शंकासमाधान कार्यक्रम के संचालक मुनि श्री संधान सागर जी महाराज मंचासीन रहे। समाज प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया विश्व प्रसिद्ध भावनायोग योग के निवेदन को स्वीकार करते हुये 6 जून गुरुवार एवं7 जून सुक्रवार को प्रात:5 बजे से पंचकल्याणक स्थल पर भावनायोग का प्रशिक्षण दैनें की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जैन गुरुवर सेवा समिति के सदस्यों को उपरोक्त भावनायोग कार्यक्रम को कराने की जिम्मेदारी प्रदान की गई है इस आयोजन में जैन एवं जैनेत्तर समाज के महिला एवं पुरुष वर्ग शामिल होकर लाभान्वित होंगे, 5 जून दिन बुद्धबार को दौपहर 3 से चार बजे तक जैन संस्कार महोत्सव का आयोजन समग्र जैन पाठशाला समिति के द्वारा पंचकल्याणक स्थल पर आयो जित किया जा रहा है, जिसमें सभी पाठशालाओं से लगभग 200 बच्चे भाग लेंगे। शंकासमाधान कार्यक्रम प्रतिदिन लाईव 6-15 से शुरु होता है विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल अपने परिवार सहित शामिल हुये तथा गुरुदेव से आशीर्वाद लेकर एक प्रश्न भी रखा जिसका त्वरित समाधान देकर आशीर्वाद प्रदान किया।

**-अविनाश जैन**

## विश्व पर्यावरण दिवस में जन जागृति अभियान चलाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) आज विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी शिष्य समुदाय को जागृत करते हुए यह बताएं कि हम सबको अपने पर्यावरण की सुरक्षा स्वयं करना चाहिए जैसे- फलदार वृक्ष लगाना, पेड़ नही काटना, जल संरक्षण, स्वच्छता, कुरा करकट कहां पर डालें ? कहां पर फेके, इस चीज पर ध्यान देने की आवश्यकता है, कहीं पर भी लोग कुरा करकट डाल देते हैं जिससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, और उसका परिणाम हम स्वयं को भुगतना पड़ता है हम बीमार होते हैं।

विद्युत का जितनी आवश्यकता है उतना ही उपयोग करें, दुरुपयोग न करे, जल ही जीवन है, नदी तालाब को प्रदूषित न होने दे, वानिकी कितना महत्वपूर्ण है जंगल काट कर मेट्रो सिटी बन रहा है, जिसके कारण पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पा रही है और हमारा पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है, पर्यावरण के असंतुलन से स्क्रीन डिजिट, चर्म रोग सबसे अधिक होने लगा है, सब जगह अधिक मात्रा में पाए जाने लगा है यह सब पर्यावरण के असंतुलन के कारण है तीर्थ का जल प्रदूषण होता जा रहा है। एक तरफ धर्म और आस्था दूसरी तरफ जितने भी फूल पत्ते हैं सब नदी में भी विसर्जित कर दिए जाते हैं जिसके कारण तीर्थो का जल प्रदूषित होते जा रहा हैं, मूर्तियां, के विसर्जन से केमिकल नदी के जल को प्रदूषित कर देती है, चुनरी के सितारे जाकर जल को प्रदूषित कर रहे हैं, पवित्र आस्था वाले लोग जाते हैं और जल में ही विसर्जित करना है इस तरह से पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है जो फर्टिलाइजर हम यूज कर रहे हैं उनका भी नकारात्मक प्रभाव हो रहा है। खेतों के चारे मर गए जो हमारे खेतों में पाए जाते थे, जंगली जीव -जंतु का संरक्षण, पशु -पक्षियों का संरक्षण बहुत आवश्यक है, यह लुप्त हो रही है जिसके चलते वातावरण असंतुलन हो रहा हैं फ्रिज, एसी सीएफसी 3 इसके कारण ओजोन परत में छिद्र हो रहा है, असमय वर्षा, या वर्षा न होना, बाढ़ प्रकोप, यह सब प्रकृति के असंतुलन के कारण ही हो रहा है, जनरेटर का काला धुआं साथ में खेत में डंठल जलाने से जो खेतों में धुआं हो रहा है कीट पतंग उसी तरह बना रहता है, पराली जलाने से उर्वरा शक्ति को बढ़ावा यह सब नहीं हो रहा है जिस चीज का प्रयोग करना चाहिए वह छुटते जा रहा है, सुबह-सुबह ताज और ठंडी हवा नहीं ले पा रहे है।

हम मनुष्य ने वायु को भी दूषित कर रखें है, हम सबको इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है और लोगों में जन जागृति लाने की आवश्यकता है।

## वास्तविक चिरस्थाई शाश्वत सुख सिद्ध अवस्था में प्राप्त होता हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का कमर्शियल कॉलोनी बांसवाड़ा से खांदू कॉलोनी बांसवाड़ा में विशाल संघ सहित भव्य मंगल प्रवेश हुआ 1008 श्री श्रेयांश नाथ भगवान के जिनालय में दर्शन पश्चात आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री ने मंगल देशना में बताया कि

संसारी प्राणी को पूर्व जन्मों के पुण्य से मानव पर्याय मिली ।आप मंदिर में आते हैं, भगवान के दर्शन अभिषेक, पूजन करते हैं संसार के दुख को घबरा कर हर आदमी सूख चाहता है। चारों गतियां में 84 लाख योनियों में मानव को सुख की प्राप्ति नहीं हुई है ।सुख तभी मिलेगा जैसा श्रेयांश नाथ भगवान ने घर छोड़कर वन में गए, संयम धारण किया दीक्षा ली वन में जाने पर व्यक्ति बन जाता है। गृहस्थ में शांति नहीं है आप भगवान की पूजा स्वाध्याय करते हैं ।आचार्य उमा स्वामी ने तत्वार्थ सूत्र में मार्ग बताया सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र रत्नत्रय धर्म मोक्ष जाने के मार्ग हैं। समाज अध्यक्ष सेठ अमृत लाल अनुसार आचार्य श्री ने उपदेश में बताया कि बांसवाड़ा आने के लिए अनेक राजमार्ग है, मार्ग में चलने में अनेक बाधा भी आती है संसारी आदमी को मिथ्यातव के कारण अनेक बाधा आती है और इसे हटाने का मार्ग रतनत्रय धर्म है मंदिर आप आते हैं कभी भगवान श्री श्रेयांशनाथ से पूछिए कि आप कैसे भगवान बने, कैसे सिद्ध बने आचार्य श्री ने आगे बताया कि सिद्ध अवस्था में शाश्वत सुख मिलता है आपका प्रश्न हो सकता है कि सिद्ध अवस्था में हमें क्या क्यों जाना चाहिए, और क्या सुख मिलेगा, वहां पर हमें खाने पीने का या आमोद प्रमोद का कोई साधन नहीं मिलेगा सिद्ध अवस्था में शाश्वत सुख मिलता है ऐसा शाश्वत सुख जो चिरस्थाई होता है। संसार का हर सुख नश्वर है सिद्ध अवस्था में जाने के बाद आप जन्म मरण के आवागमन से मुक्त हो जाते हैं। अनंत भगवान अनेक आत्माएं सिद्ध बनी है उन्होंने सिद्ध अवस्था रत्नत्रय धर्म के माध्यम से प्राप्त की है इसलिए भगवान की शरण, धर्म की शरण से आप रतनत्रय मार्ग को सीधा बनाकर साथ 7 राजू जाने का पुरुषार्थ कर सकते हैं। समाज प्रवक्ता अक्षय डांगरा अनुसार आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व मंगलाचरण डा हेमलता ने किया आचार्य श्री शांति सागर जी के चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन एवम जिनवाणी मांगीलाल मेहता पुण्यार्जक परिवार द्वारा किया गया। **-राजेश पंचोलिया**

## महासमुंद लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, राजिम में मना जश्न

### विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से पहली बार भाजपा ने राजिम विधानसभा से 22144 वोटों की बढ़त बनाई



**राजिम ( विश्व परिवार )।** महासमुंद लोकसभा के चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने के बाद राजिम के हृदय स्थल सुंदरलाल शर्मा चौंक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू व वरिष्ठ नेताओं सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए आतिशबाजी की। जैसे ही मतगणना स्थल एवं मीडिया चैनलों पर चुनाव परिणाम में महासमुंद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी की बढ़त दिखी तो कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया और आतिशबाजी करने लगे। एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के इतिहास में महासमुन्द लोकसभा से पहली बार भाजपा प्रत्याशी को राजिम विधानसभा से अब तक का सर्वाधिक 22144 वोटों से बढ़त मिली है। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजिम विधानसभा से 22144 वोटों की बढ़त अपने आप में ऐतिहासिक है जो विधायक और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का परिणाम है। पहली बार महासमुंद लोकसभा की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली है। गरियाबंद जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर भाजपा को 50 हजार की बढ़त मिली। जिसके बदौलत भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी की जीत सुनिश्चित हो सकीं। इस जीत का श्रेय राजिम विधायक रोहित साहू ने सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन को दिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद की और मोदी की गारंटी पर जनता की मुहर है। कांग्रेस को अब जनता नकार चुकी है। भाजपा की प्रचंड जीत होना इस बात का संकेत है कि देश मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर चुकी है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत हुई है। नरेंद्र मोदी ने राम को लाया है महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा को जिताकर विकास पर बटन दबा दी है। इसके पूर्व जिला मुख्यालय से राजिम पहुँचने पर जगह जगह आतिशबाजी के साथ स्वागत व जश्न मनाया गया जिसमें पोंड़ तथा राजिम बस स्टैंड प्रमुख हैं। इस दौरान डॉ. रामकुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजू नायक,जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित,राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लाला साहू,किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव चन्द्राकर,श्याम अग्रवाल,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष द्वय राजू साहू,रिकेश साहू,शरद पारकार,सोमनाथ पटेल,सुनील श्रीवास्तव,चिरंजीव देवांगन,डॉ महेंद्र साहू,राजेश,पूर्णिमा चन्द्राकर,देवकी साहू,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता यादव,ओमप्रकाश आडिल,मनोज देवंगन,विनोद सोनकर,मधु नत्थानी,खुशी साहू,जेठू राम कोसरे,आकाश राजपूत,प्रवीण पुष्पाकर,किशोर साहू, पन्ना साहू आदि शामिल रहे।

**145456 मतों से विजयी रहे रूपकुमारी चौधरी :** जानकारी के मुताबिक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को 7036 59 मत मिले हैं जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कमरत्व साहू को 558203 मत मिले हैं। इस तरह से 145456 मतों से विजयी हुए हैं। इतनी बड़ी जीत पर विधानसभा मुख्यालय में कार्यकर्ता आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं।

## शादी में पर्यावरण कवि हरिनाथ ने नव दांपत्य जोड़े को उपहार के तौर पर दिया पौधा



### पौधा लगाकर शादी की यादगारी के साथ पर्यावरण हराभरा रहेगा

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** अक्सर शादियों में लोग महंगी समान देते है जिस पर सबकी नजरें टिकी रहती है। लोदाम बॉर्डर से लगे झारखंड के एक गांव में पर्यावरण कवि ने शादी में विवाह के दौरान नव दम्पत्य शादी जोड़ो को उपहार के तौर पर एक पौधा दिया और उसे रोपित कर उसकी हिफाजत करने को कहा।

लोदाम के पर्यावरण कवि हरिनाथ ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुहिम छेड़ा है। वह विभिन्न आयोजनों में हरियाली का संदेश दे रहे साथ ही औरों को भी पेड़ पौधा लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है। यहां तक कवि हरिनाथ दास मानिकपुरी शादियों में नव दम्पत्य जोड़ो को उपहार के तौर पौधा देकर यादगार बना रहे है। 21 जून 2024 को लोदाम से नजदीक झारखण्ड प्रान्त के गुमला जिले के केमटे पंचायत के जगनाथ मंदिर में रौतिया समाज के तिलेश्वरी कुमारी संग अजय सिंह की शादी हुई। जिसमें पर्यावरण कवि लोदाम हरिनाथ दास मानिकपुरी के साथ सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमी पारसनाथ जायसवाल शामिल हुए।

इस दौरान बराती घराती समेत अन्य मेहमान मौजूद थे। शादी की रस्म पूरी हुई। इस दौरान उन्होंने दूल्हे दुल्हन को उपहार के तौर पर एक, एक पौधा दिया। इसे काफी पसंद किया गया। शादी संपन्न होने के बाद दोनों नये जोड़े को पर्यावरण कवि हरिनाथ दास ने बेल का एक, एक पौधा दिया। नये जोड़ ने पौधे को हाथो में रखते हुए कहा पौधे को हम लोग लगायेंगे और अपनी शादी को याद ?गार बनाएंगे। ऐसा दो बार कहते हुए शपथ लिया। हाथों मे पौधा लेकर नये जोड़े के इस शपथ ग्रहण को देख सुन शादी मंडप में तालियों बजने लगी। वहां मौजूद लोग मुस्कराते हुए लोगों ने कहा नई दुनिया बसाने की दिशा में यह ऊंची सोच है। पौधा लगाकर अपनी शादी की यादगारी के साथ पर्यावरण हराभरा रहेगा।

पेड़ो के अत्यधिक कटाव से पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है। ऐसे में जरूरी है पर्यावरण को हरा भरा बनाना। इसी उद्देश्य से कवि हरिनाथ उपहार के तौर पर विभिन्न आयोजनों में पेड़ पौधे दे रहे है।

## निजात अभियान के चलते नशे के विरुद्ध हुई लगातार कार्यवाही

**रायपुर ( आरएनएस )।** निजात अभियान के तहत चार महीने में पिछले सालों की इसी अवधि की तुलना में आईपीसी के कुल अपराधों में 7 फीसदी की कमी देखने को मिली है। मारपीट में 5त्न, हत्या के प्रयास में 22 प्रतिशत, चाकूबाजी में 31 प्रतिशत छेड़छाड़ में 23 प्रतिशत और चोरी में 5 प्रतिशत की कमी आई है।

इसके अलावा एनडीपीएस और आबकारी ने ताबड़तोड़ कार्यवाही में कुल 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्ति पर कार्रवाई की है। जिसमें गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए और 6,176 लीटर शराब जप्त कई गई है।

**341 कार्यक्रम चलाए गए :** नशे के विरुद्ध जन जागरुकता बढ़ाने के लिए 341 कार्यक्रम चलाए गए हैं। थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग भी की जा रही है। इस साल फरवरी महीने से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में रायपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि, कुल अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। जो एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्रवाई की जा रही है। निजात अभियान के दौरान शराब-विरोधी आबकारी एक्ट और ड्रग एनडीपीएस के 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्तियों पर कार्यवाहियां की गई है। जिसमें से गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए हुए हैं। 6,176 लीटर शराब, गांजा 949 किलो, एमएएमडी 4.5 ग्राम, हीरोइन 20 ग्राम, अफीम 161 ग्राम, टैबलेट 10,336 और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुई है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं। इन कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं।

पिछले चार महीने में तंबाकू-विरोधी कोटपा एक्ट के तहत 1,141 लोगों पर कार्रवाई हुई है। नशा में गाड़ी चलाने वाले 983 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां हर एक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। 2023 में पूरे वर्ष में कोटपा में 30 व्यक्ति और 185 एमवी एक्ट में 610 प्रकरण हुए थे।

## बाल कलाकारों ने लघु नाटकों के जरिए दी पर्यावरण बचाने की जानकारी

**रायपुर ( आरएनएस )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्य जीवन) प्रेम कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे और प्रधान मुख्य वन सरंक्षक अनिल कुमार साहू ने भाग लिया। अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। चर्चा का विषय था -पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व।

इस अवसर पर बोलते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। पर्यावरण को सरंक्षित और सर्वंर्धित करने के लिए जहाँपर भी खाली जगह मिले वहाँ पेड़ लगाकर प्रकृति से जुड़ें। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। जब तक हम आत्म केन्द्रित रहेंगे तब तक अपना और प्रकृति का विनाश करते रहेंगे। हम मनुष्यों ने मिलकर विनाश की लीला रची है। इसलिए हमें ही इसे ठीक करना होगा। वर्तमान समय पर्यावरण की रक्षा के लिए आन्दोलन शुरू करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें मिल जुलकर कार्य करना होगा।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे ने कहा कि कार्बन के उत्सर्जन को कम करना हमारे हाथ में नहीं है किन्तु हम पेड़ लगाकर उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी बरसात के समय हरेक व्यक्ति कम से कम एक पीपल का पेड़ लगाए तो वह पर्यावरण संरक्षण के कार्य में बहुत बड़ा योगदान कर सकता है। पीपल ऐसा अनोखा पेड़ है जो कि रात में भी आक्सीजन प्रदान करता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षण अनिल कुमार साहू ने छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत वृक्ष हमारे जीवन का आधार नामक नृत्य नाटिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में प्रकृति के सरंक्षण के प्रति जज्बात पैदा करना बहुत ही अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सन्तुलन बिगडने् से मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें रिन्युएबल एनर्जी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### एक किलो गांजा के साथ दो आरोपी पकड़ाए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के हरदी बाजार थाना पुलिस ने गांजा बेचते हुए दो आरोपियों को गिंरफ्तार किया है तथा उनके पास से एक किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक दर्री के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में थाना हरदीबाजार पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों/गांजा, अवैध शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 2.6.2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम उतरदा निवासी नंद कुमार राठौर अपने घर में अपने साथी सैय्यद मोहसीन निवासी बिलासपुर के साथ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए पुड़िया बना रहे है। सूचना की तस्दीक हेतु रेड कार्यवाही किया गया इस दौरान नंद कुमार राठौर पिता बली राम राठौर निवासी उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा अपने घर के पीछे वाला कमरा में अपने साथी सैय्यद मोहसीन पिता महताब अली उम्र 24 वर्ष निवासी कुकदा थाना सीपत जिला बिलासपुर के साथ गांजा रखकर गांजा पुड़िया बनाते हुए मिले दोनों आरोपियों के संयुक्त कब्ज़ा से 01 किलो 100 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रिक तौल मशीन, 100 नग ज़िप पन्नी मिला जिसे गवाहों के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 160/2024 धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

### मंदिर में चोरी करते चोर हुआ सीसीटीवी में कैद

**बालोद(विश्व परिवार)।** गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम कमरौद में स्तिथ जिले के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात 9:30 बजे अज्ञात चोरों ने हनुमानजी के मुकुट की चोरी कर दी। पहली बार हुई मंदिर में इस प्रकार की चोरी से सभी सकते में रह गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई क़ैद हो गयी। मंदिर के गर्भगृह में हनुमानजी स्थापित हैं जहां चोर ने खिड़की तोड़कर प्रवेश किया और चाँदी के मुकुट के साथ अन्य आभूषणों और पास में रखे नगदी को भी पार कर गया। सॉल ओढ़कर चोर ने घटना को अंजाम दिया है जिससे उसकी पहचान न हो सके। मंदिर समिति ने चोरी की रिपोर्ट गुंडरदेही थाने में कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और डॉग स्कवायड की मदद से चोर की खोजबीन शुरू कर दी गयी है।

### स्पा सेंटर में दिल्ली की युवती से दुष्कर्म, संचालक पर देह व्यापार चलाने के आरोप

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में एक स्पा सेंटर में युवती से दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। स्पा संचालक पर ही युवती से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की युवती स्पा सेंटर में काम करती थी। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी स्पा संचालक गिरफ्तार हो गया है। यह पूरा मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, यहां पर स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। दिल्ली से सेंटर में काम करने आई युवती ने स्पा सेंटर संचालक पर रेप का आरोप लगाया है।बिलासपुर के व्यापार विहार में सनराइज थाई बॉडी स्पा सेंटर संचालित है । कहने को तो यहां स्पा सर्विस दी जाती है लेकिन आरोप लग रहे हैं कि इस स्पा सेंटर की आड़ में यहां जिस्मफ़रोशी का खेल खेला जा रहा है, जिसके लिए संचालक शंकर नगर रायपुर निवासी द्वारा अन्य शहरों से युवतियों को बुलाकर स्पा सेंटर में उन्हें ग्राहकों को परोसा जाता है। पीड़िता द्वारा बताया गया है कि स्पा सेंटर की आड़ में यहां देहव्यापार का खेल लंबे समय से चल रहा है। दिल्ली से स्पा सेंटर में नौकरी करने आयी युवती का आरोप है कि शुक्रवार रात को मौका पाकर स्पा सेंटर के संचालक विश्वजीत सेनगुप्ता ने पहले तो उसे शराब पिलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया और अन्य दो लोगों के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए वह जोर देने लगा। इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की गई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विश्वजीत सेन गुप्ता के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### कोयले से लदी ट्रेलर पलटने से युवक की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोयला लोड ट्रेलर पलट गया, जिसके नीचे दबकर ड्राइवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस वक्त ड्राइवर अपनी जान बचाने के लिए कूदा, उसी दौरान गाड़ी पलटी है। पूरा मामला बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम जवाली का है। मिली जानकारी के मुताबिक कोयला लोड ट्रेलर गेवरा दीपका से बिलासपुर जाने के लिए निकला था, लेकिन रात में जवाली गांव के खोलार पुल के पास ट्रेलर सड़क किनारे लगाकर सो गया।

# तीस किलोमीटर पैदल चलकर दुर्गम्य ग्राम बड़े पल्ली पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी

## 196 मरीज का किया निःशुल्क उपचार

**स्वास्थ्य कर्मियों को देखकर ग्रामीणों के चेहरे पर आई मुस्कान**



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मानसून के पूर्व पहुंच विहीन ग्रामों में लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में विभाग के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक के द्वारा टीम गठित कर ग्राम बड़े पल्ली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि दुर्गम क्षेत्र मे बसे ग्राम बड़ेपल्ली तक पहुंचने के लिए रास्ता बेहद ही कठिन है, किंतु विभाग के मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा आम ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के क्रम में लगभग 30 किलोमीटर दूर पैदल चलकर एवं चार से पांच पहाड़ियों को पार किया गया तब कहीं जाकर वे ग्राम बड़ेपल्ली पहुंचे। जाहिर है रास्ते में उन्हे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा किंतु टीम ने आखिरकार गांव पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों को देखकर ग्रामीण अत्यंत प्रसन्न नजर आए, इस प्रकार स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पेड़ों की छांव तले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में लगभग 196 मरीज का उपचार किया गया एवं 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले ग्रामीणों की शुगर एवं बीपी की जांच की गई। साथ ही एनीमिया की जांच टीवी की स्क्रीनिंग तथा महिला बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों का वजन लेकर उन्हें पोषण आहार का वितरण करने के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण भी किया।

# झोरा पिकनिक स्पॉट में शराबखोरी

**पुलिस ने लिया एक्शन**

**पिछले वर्ष ऐसी ही स्थिति निर्मित हुई थी**



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले झोराघाट में दो से ढाई हजार लोगों की भीड़ के जुटने और मौके पर शराबखोरी के साथ हो-हंगामा करने की खबर पर कटघोरा पुलिस एक्शन में आई। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच यहां का जायजा लिया और हस्तक्षेप करने के साथ लोगों को उल्टे पैर लौटने को मजबूर किया। पुलिस के अनुसार पिकनिक स्पॉट को शराबखोरी का अड्डा बनाने की कोशिश की जा रही है। इस पर हमने सख्ती दिखाई। जानकारी में बताया गया कि छुरी से 5 किमी दूर हसदेव नदी के झोराघाट में रविवार को अलग-अलग क्षेत्र के लोग वाहनों से पहुंच गए। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के लोग थे। नदी में उतरने के साथ लोग स्नान कर रहे थे तो शराबखोरी व अन्य गतिविधियों में भी व्यस्त नजर आए। पुलिस को मौके से किसी व्यक्ति के द्वारा सूचित किया गया और अनहोनी की आशंका जताई गई। टीआई डी.एन.तिवारी ने तुरंत संज्ञान लिया और दल-बल के साथ मौके का रूख किया। यहां के हालात ने उन्हें हैरान किया। पुलिस ने प्रभावी हस्तक्षेप के साथ लोगों को यह सब करने से मना किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबखोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्षेत्र में सभ्य लोग आने से बच रहे हैं। बताया गया कि झोराघाट में बांगो बांध से छोड़ा जाने वाला पानी कई बार अचानक से जल स्तर में बढ़ोत्तरी करता है और हादसे हो जाते हैं।

# एक किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अवैध कारोबार पर कोरबा पुलिस की कार्यवाही जारी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की। गिरफ्तार आरोपियों में नंद कुमार राठौर पिता बली राम राठौर निवासी उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा, सैय्यद मोहसीन पिता महताब अली उम्र 24 वर्ष निवासी कुकदा थाना सीपत जिला बिलासपुर आदि शामिल हैं। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दर्री के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में थाना हरदीबाजार पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों/गांजा, अवैध शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 02.06.2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम उतरदा निवासी नंद कुमार राठौर अपने घर में अपने साथी सैय्यद मोहसीन निवासी बिलासपुर के साथ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए पुड़िया बना रहे है। सूचना की तस्दीक हेतु रेड कार्यवाही किया गया इस दौरान नंद कुमार राठौर पिता बली राम राठौर निवासी उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा अपने घर के पीछे वाला कमरा में अपने साथी सैय्यद मोहसीन पिता महताब अली उम्र 24 वर्ष निवासी कुकदा थाना सीपत जिला बिलासपुर के साथ गांजा रखकर गांजा पुड़िया बनाते हुए मिले दोनों आरोपियों के संयुक्त कब्ज़ा से 01 किलो 100 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रिक तौल मशीन, 100 नग ज़िप पन्नी मिला जिसे गवाहों के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया है।

# नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान में हिस्सा लिया भटगांव और बरारी के ग्रामीण

**जल जगार उत्सव में किया गया पानी बचाने और वृक्षारोपण करने प्रोत्साहित**

**गांवों में जल प्रहरी का कार्य करने वालों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले को टी शर्ट, मग और टोपी सहित पॉम्पलेट से किया गया सम्मानित**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर जिले में जल जगार उत्सव के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को पानी बचाने, वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं जल प्रहरी श्री नीरज वानखेड़े द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई सहित रूफ्टॉप स्ट्रक्चर, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इत्यादि के ज़रिए पानी संरक्षित करने की बारिकी से दी जा रही है। इसी कड़ी में आज धमतरी के ग्राम भटगांव और बरारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं, बच्चो, बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पानी के महत्व को समझा। इस अवसर पर गांवों में जल प्रहरी के तौर पर कार्य करने वालों सहित जल संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में शामिल होने वालों को टी शर्ट, मग, टोपी, पॉम्पलेट प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने बारिश में गिरने वाली एक एक बूंद को बचाने की शपथ ली। साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति के सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी ली।

# ट्रेलर चालक से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोयला खाली कर वापस लौट रहे ट्रेलर चालक से मारपीट कर 31 हजार नकद, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड लूट लिए थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार आरोपित को गिरफ्तार लूट की राशि बरामद की। मामले में शामि तीन आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली पुलिस अंतर्गत यह मामला 29 मई को मानिकपुर रेलवे फाटक के समीप हुई। पीड़ित ट्रेलर चालक ने गोविंद 35 निवासी धुमाडोल थाना कुसमी जिला सिधी मध्य प्रदेश पुलिस में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि एसकेएस प्लांट रायगढ से कोयला खाली कर वापस गेवरा ट्रेलर वाहन से लौट रहा था। सुबह 4.15 बजे रेल्वे फाटक मानिकपुर कोरबा के पास पहुंचा था, तभी फाटक बंद होने से गाडी को खडा कर फाटक खुलने का इंतजार करने लगा। इस बीच अपने चेहरे पर काला लाल गुलाबी एवं सफेद रंग के गमछा बांधे चार अज्ञात युवक वहां पहुंचे और गोविंद के वाहन में चढ़कर उसके साथ धक्का मुक्की कर मारपीट की। इसके बाद चालक को वाहन से गिराकर घसीटते ले गए और उसके पर्स में रखे वेतन का 31 हजार रुपए नकद, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड लूट कर भाग गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 394 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। इस बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी एमबी पटले की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने विशाल केंवट 22 वर्ष निवासी सीतामणी, अरूण श्रीवास 18 साल निवासी शनि मंदिर के नीचे सीतामणी, जीत अग्रवाल उर्फ जीतू 20 वर्ष निवासी सीतामणी थाना कोतवाली तथा आशिफ कुरैशी उर्फ भोको 19 वर्ष निवासी इमलीडुग्गु थाना कोतवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर आरोपितों ने अपने अन्य साथियों अमन साहू, विजय डे, आकाश के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई रकम व गमछा पृथक से जब्त किया। आरोपितों की संख्या पांच से अधिक होने से मामले में धारा 395 भी जोड़ी गयी। आरोपितों के विरूद्ध अपराध सबूत का पाए जाने पर आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# संवाद, सुझाव और समाधान से हम मिलकर पंडरिया को समृद्ध बनाएंगे : भावना बोहरा

**डीएफओ मनीष कश्यप के प्रयासों से मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में ख़राब मौसम होने के बावजूद लक्ष्य से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ**



**मनेन्द्रगढ़(विश्व परिवार)।** तेंदूपत्ता जिसे हरा सोना भी कहते है ,छ.ग.में वनक्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है । इस वर्ष छ.ग.शासन द्वारा तेंदूपत्ता का खरीदी दर 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 प्रति मानक बोरा किया गया ।जिसके कारण ग्रामीणजन अधिक उत्साह और मेहनत से तेन्दूपत्ता संग्रहण कर फड़ों में विक्रय किये है । संपूर्ण छ.ग.राज्य में इस वर्ष 954 लॉट के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु अग्रिम निर्वतन कर क्रेता नियुक्ति किया गया । इस वर्ष 16 लाख 72 हज़ार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य के विरूद्व 15 लाख 36 हज़ार मानक बोरा संग्रहण किया गया, जो लक्ष्य का 92 प्रतिशत है । तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में छ.ग. के 12 लाख संग्राहक परिवारों को राशि रूपये 845 करोड़ का भुगतान पेमेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाईन किया जा रहा है। इस तारतम्य में छ.ग. के 30 वनमण्डल में से मात्र 6 वनमण्डल द्वारा लक्ष्य का 100 प्रतिशत तेन्दूपत्ता संग्रहण किया गया ।जिसमें से मनेन्द्रगढ़ वनमंडल एक है ।इस वर्ष मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में तेंदूपत्ता सीजन में मौसम बहुत ख़राब रहा और कई जगह तो हर शाम बारिश हुई ।बावजूद इसके सभी फड़ को चालू रखा गया और ठेकेदारों को मनमानी नहीं करने दिया गया ।बारिश होने पर तेंदूपत्ता को सुरक्षित रखना कठिन हो जाता है इस वजह से ठेकेदार अपने सहूलियत के लिए फड़ को बंद कर देते है ।इससे संग्राहको को नुक़सान झेलना पड़ता है ।पर सभी फड़ को चालू रखा गया। परिणामस्वरूप मनेंद्रगढ़ में पूरे 22 दिन तक तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ ।पूर्व की कांग्रेस सरकार में सिर्फ़ 10 दिन में ही तेंदूपत्ता की ख़रीदी बंद हो जाती थी।

### पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर(विश्व परिवार)।** मनेंद्रगढ़ के केल्हारी थाना अंतर्गत सोकोबहरा गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हारी मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर के बाहर फेंक दिया और मौके से भाग निकला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के ससुर ब्रजभान सिंह ने केल्हारी थाने में आकर सूचना दी कि उसके बेटे महा सिंह ने रात करीब 2 बजे अपनी पत्नी चंद्रावती (उम्र 22 वर्ष) की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और शव को क्षत-विक्षत हालत में घर के बाहर फेंक कर भाग गया है। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस खौफ़नाक हत्या के पीछे चरित्र शंका बताई जा रही है। जिसकी वजह से पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा है। हालांकि, हत्या की असल वजह अब तक सामने नहीं आई है। मृतिका के 2 बच्चे हैं। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी पति फ़रार है। मामले में केल्हारी पुलिस जांच कर रही है।

## व्यापार समाचार

## प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट के साथ की साझेदारी, स्पोर्ट इंजरी के लिए स्थापित करेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**नई दिल्ली:** स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के साथ स्पोर्ट इंजरी के लिए एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफएक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इस सहयोग का उद्देश्य आधुनिक टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट केयर की मदद से स्पोर्ट इंजरी का सबसे बेहतरीन उपचार और रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करना है। 4,000 वर्ग फीट में फैला यह नया सेंटर स्पोर्ट थेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सेंटर एक विस्तृत एथलीट रिहेबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करेगा, जो चोटों से उबरने वाले एथलीटों की खास जरूरतों को पूरा करेगा। यह सेंटर स्पोर्ट मेडिसिन के क्षेत्र की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे खिलाड़ियों की बेहतर रिकवरी हो, साथ ही उनकी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाया जा सके। इस सेंटर में एडवांस सर्जिकल टूल्स जैसे इंटरनल ब्रेस के साथ एसीएल रिपेयर, एसीएल रिकंस्ट्रक्शन क्वाडप्रोइ हार्वेस्टर, इंटरनल ब्रेस और फाइबरटैग0 टाइटरोप0 इम्प्लांट्स, ऑटोकार्ट कार्टिलेज ट्रांसप्लांट का उपयोग किया जाएगा। इन टूल्स की मदद से यह सेंटर केयर और प्रिसिजन के उच्चतम मानक स्थापित करेगा। प्रिस्टीन केयर के को-फाउंडर हरसिमरबीर सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत में एथलीटों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑर्थो स्पोर्ट की खेल चिकित्सा में विशेषज्ञता और प्रिस्टीन केयर की रोगी-केंद्रित देखभाल और तकनीकी इनोवेशन के साथ, हमारा लक्ष्य इस सेंटर को स्पोर्ट इंजरी मैनेजमेंट के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। एडवांस सर्जिकल उपकरणों और रिहैबिलिटेशन तकनीकों की मदद से हमारे रोगियों को बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे।

## एयरटेल ने दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए योजना शुरू की

**नई दिल्ली:** भारती एयरटेल (एयरटेल), भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, ने आज दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष पैक पेश किए। निर्बाध और निरंतर मैच देखने के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए, एयरटेल अपने प्रीपेड, पोस्टपेड, इंटरनेशनल रोमिंग, होम ब्रॉडबैंड और एयरटेल डिजिटल टीवी उपयोगकर्ताओं के लिए भारत में दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी+हॉटस्टार की तीन महीने की सदस्यता प्रदान कर रहा है। टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए प्रीपेड प्लान 499 रुपये से शुरू होते हैं और 28 दिनों के लिए हाई-स्पीड 3त्नक्च डेटा के साथ-साथ डिज्नी+ हॉटस्टार के तीन महीने के सब्सक्रिप्शन के साथ आते हैं। इस प्लान में एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले पर 20 से ज्यादा ओटीटी (ह्रञ्जञ्ज) को मुफ्त में अनलॉक किया जाता है। 839 रुपये में 84 दिनों की योजना भी उपलब्ध है जो प्रतिदिन 2त्नक्च डेटा के साथ समान लाभ प्रदान करती है। 3359 रुपये की वार्षिक योजना में डिज्नी+ हॉटस्टार की एक साल की बंडल सदस्यता है, साथ ही एक्सस्ट्रीम ऐप पर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म तक पहुँच और प्रतिदिन 2.5 त्नक्च डेटा भी शामिल है।

## उदैती फाउंडेशन और क्वेस कॉर्प द्वारा किए गए एक अध्ययन द्वारा रसायन और विनिर्माण क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का दावा किया गया है

**रायपुर।** स्टाफिंग सोल्युशन्स के क्षेत्र में अग्रणी द उदैती फाउंडेशन और क्वेस कॉर्प ने 30 मई को राउंडटेबल आयोजन में फ्रॉम रेटरिक टू एक्शन - क्रिएटिंग जेंडर इंक्लूसिव वर्कप्लेसेस शीर्षक से एक जानकारीपूर्ण रिपोर्ट जारी की। हितधारकों से चर्चा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के इंडस्ट्री लीडर्स, शोधार्थियों और सामाजिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने सभी क्षेत्रों में कार्यस्थल में लिंग समावेशन को हासिल करने के लिए कार्रवाई योग्य उपाय विकसित करने के लिए ब्लू और ग्रे कॉलर नौकरियों में महिलाओं की भर्ती और उनको नौकरी में बनाए रखने में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। यह अध्ययन क्वेस कॉर्प और उदैती फाउंडेशन की एक साल की मेहनत का नतीजा है। यह अध्ययन विगत चार वर्षों में रसायन और विनिर्माण क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधित्व में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है । यह बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) का उल्लेख करता है, जिसमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक 26 प्रतिशत है, इसके बाद उपभोक्ता सेवाओं में 24 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट क्वेस सहयोगियों (क्वेस ग्राहकों के लिए काम करने वाले ब्लू और ग्रे कॉलर वाले कर्मचारी) में महिला भागीदारी पर प्रकाश डालती है जो कई कारकों [मांग और आपूर्ति की दोनों ओर] के कारण लगभग 17 प्रतिशत के निम्न स्तर पर है, जैसे कि विशेष रूप से पुरुषों के लिए नौकरी की भूमिकाएं, लंबी यात्रा की आवश्यकता वाली नौकरी लेने में महिलाओं की असमर्थता, शाम 6 बजे के बाद लंबे समय तक काम करने में असमर्थता आदि।

## बीएसवी और एफ ओजीएसआई ने भारत की पहली कोल्पोस्कोपी वर्कशॉप को टीयर 2 शहरों में लाने के लिये भागीदारी की

**मुंबई:** भारत सीरम्स एण्ड वैक्सीन्स लिमिटेड (बीएसवी), भारत की अग्रणी बायोफार्मासुटिकल कंपनी, ने फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया एफओजीएसआई की पब्लिक अवेयरनेस कमिटी के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी के तहत कोल्पोस्कोपी पर जागरूकता बढ़ाकर उसे सुलभ बनाया जाना है। कोल्पोस्कोपी एक नैदानिक विधि है जिसमें कैंसर से पहले होने वाले बदलावों और सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिये सर्विक्स, वजाइना और वुल्वा (महिला प्रजनन अंगों) की विस्तृत जाँच होती है। कोल्पोस्कोपी पर पहली वर्कशॉप का संचालन जानी-मानी फैकल्टी डॉ. प्रिया गणेश कुमार ने सिलीगुड़ी के न्यू रामाकृष्णा सेवासदन हॉस्पिटल में किया था। यह वर्कशॉप एक टीयर 2 शहर में ऐसी पहली कोशिश थी। इसका लक्ष्य सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाने और सही निदान करने में कोल्पोस्कोपी के महत्व से गायनीकोलॉजिस्ट्स और विशेषज्ञों को परिचित कराना है। इस पहल के बारे में (एफओजीएसआई) की पब्लिक अवेयरनेस कमिटी के चेयरपर्सन डॉ. प्रियांकुर रॉय ने कहा, ''सर्वाइकल कैंसर 15 से 44 साल की भारतीय महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है।

# सुपर ओवर में नामीबिया की ओमान पर रोमांचक जीत




**बारबाडोस( एजेंसी )।** टी20 विश्व कप 2024 के तीसरे मैच में मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां नामीबिया ओमान पर भारी पड़ा। नामीबिया ने सुपर ओवर में 21 रन बनाए, जिसके जवाब में ओमान 10 रन ही बना पाया। ओमान ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया के खिलाफ 109 रन बनाए। हालांकि, मेहरान खान के शानदार स्पेल की बदौलत ओमान ने मैच को सुपर-ओवर तक पहुंचाया। सुपर ओवर में नामीबिया ने दमदार प्रदर्शन किया और 21 रन बनाए। नामीबियाई टीम की जीत के हीरो डेविड विसे रहे जिन्होंने सुपर ओवर में पहले तो तूफानी बल्लेबाजी की, फिर सिर्फ 10 रन देकर एक विकेट लिया। सुपर ओवर में बल्लेबाजी करते हुए चार गेंदों पर 13 रन बनाने के बाद, विसे ने गेंद से कमाल दिखाया। उन्होंने सिर्फ 10 रन दिए और बड़े हिटर नसीम खुशी का विकेट लिया और अपनी टीम के लिए सुनिश्चित किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम 19.4 ओवरों में सिर्फ 109 रनों पर सिमट गई। उनकी तरफ से खालिद केल (34) और जीशान मक़सूद (22) ही कुछ संघर्ष कर पाएं। नामीबिया की तरफ से उनके गेंदबाज़ रूबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए, जबकि विसे के खाते में भी तीन विकेट आया। जहां ट्रंपलमन ने नई गेंद से कमाल करते हुए पारी की पहली दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लेकर ओमान की जड़ों को हिला दिया, वहीं विसे ने डेथ ओवरों में विकेट चटकाए। बीच के ओवरों में ऑफ़ स्पिन ऑलराउंडर इरास्मस ने भी अपनी फ़िरकी से ओमान के बल्लेबाजों को परेशान करते हुए दो विकेट लिए। हालांकि, 110 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया संघर्ष करती नजर आई। ओमान की तरह उसे भी पारी के पहले ओवर में ही झटका लगा, जब उसके सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन दूसरी ही गेंद पर शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गये। निकोलस डेविन (24) और फ्रायलिंक (45) ने दूसरे विकेट के लिए 8.1 ओवर में 42 रन जोड़े। उस समय लग रहा था कि नामीबिया आसानी से लक्ष्य तक पहुंच जाएगा, लेकिन ओमान के गेंदबाज़ों ने वापसी करते हुए मैच को रोमांचक बना दिया।

## अमूल के बाद मदर डेयरी का दूध भी महंगा





**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली-एनसीआर में दूध और दुग्ध उत्पाद बेचने वाली कंपनी मदर डेयरी का दूध सोमवार से दो रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया। इससे पहले अमूल ने भी अपने दूध के दाम आज से दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने की घोषणा की थी। कंपनी की ओर से ओर से दिए गए बयान में बताया गया कि मदर डेयरी द्वारा सभी प्रकार के दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। नई कीमतें 3 जून से लागू हो गई हैं। कंपनी द्वारा कीमतों में बढ़ोतरी के बाद टोकन दूध का दाम बढ़कर 54 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यह पहले 52 रुपये प्रति लीटर था। टोन्ड दूध का दाम बढ़कर अब 56 रुपये प्रति लीटर हो गया है जो पहले 54 रुपये प्रति लीटर था। गाय के दूध का रेट बढ़कर 58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यह पहले 56 रुपये प्रति लीटर था। भैंस के दूध का दाम 70 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 72 रुपये प्रति लीटर हो गया है। डबल टोन्ड दूध का रेट बढ़कर 50 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जो पहले 48 रुपये प्रति लीटर था। मदर डेयरी ने आगे कहा कि पिछले कुछ महीनों में दूध खरीदने के दाम अधिक होने के बाद भी ग्राहकों के लिए कीमतों को स्थिर रखा गया था। गर्मी का असर भी दूध के उत्पादन पर हुआ है। ऐसे में दूध उत्पादकों और ग्राहकों के हित को देखते हुए कंपनी ने तीन से चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इससे पहले सोमवार को अमूल की ओर से दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। अमूल की ओर से इस बढ़ोतरी को लेकर कहा गया था कि लागत बढ़ने के कारण दूध के दाम में बढ़ोतरी की गई है।

## पीएसजी का साथ छोड़ जल्द नये क्लब में शामिल होंगे किलियन एम्बाप्पे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कई साल तक पीएसजी के लिए खेलने के बाद फ्रांस के युवा फुटबॉल सुपरस्टार एमबाप्पे ने एक नए क्लब से जुड़ने की योजना का खुलासा किया था। हालांकि, तब उन्होंने अपने नए क्लब का नाम नहीं बताया था। अब खबरें आ रही हैं कि वह रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे। पिछले डेढ़ साल से ही यह साफ था कि किलियन एम्बाप्पे स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे लेकिन इस पर न तो क्लब ने और न ही युवा फुटबॉलर ने कभी खुलकर बात की। जानकारी के अनुसार, रियल मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा जल्द की जाने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, किलियन एम्बाप्पे के जुड़ने की घोषणा सोमवार या हद से हद मंगलवार तक की जाएगी। क्लब ने फ्रांसीसी खिलाड़ी के आगमन की घोषणा करने के लिए अपने अभियान की समाप्ति का इंतजार किया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमबाप्पे जुलाई में सैंटियागो बर्नब्यू में रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें देरी का कारण यह है कि एमबाप्पे वर्तमान में अपनी नेशनल टीम के प्रशिक्षण शिविर में आगामी यूरो के लिए तैयारी कर रहे हैं। फ्रांस 15 जून से शुरू होने वाली एक महीने की प्रतियोगिता के लिए जर्मनी की यात्रा करने से पहले दो फ्रेंडली मैचों में लक्ज़मबर्ग और कनाडा के खिलाफ खेलेगा। 2018 का विश्व चैंपियन रहा फ्रांस टूर्नामेंट के फेवरेट्स में से एक है। उसे ग्रुप चरणों में एक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि वह पोलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया के साथ ग्रुप डी में है। दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉल क्लब में से एक रियल मैड्रिड ने 1 जून को यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया।

# एग्जिट पोल बाद सेंसेक्स 2,700 अंक से ज्यादा उछला, फिर 76 हजार के पार



**मुंबई( एजेंसी )।** एग्जिट पोल में मोदी सरकार की वापसी के संकेत मिलने के बाद भारतीय शेयर बाजार सोमवार को ऑल टाइम हाई पर खुले और 2,700 अंक के ज्यादा की छलांग लगाकर बीच कारोबार का नया रिकॉर्ड कायम किया। सेंसेक्स करीब 2600 अंक बढ़कर 76,582 अंक पर और निफ्टी करीब 800 अंक बढ़कर 23,338 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 2,777.58 अंक की तेज के साथ 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बीच कारोबार का इसका पिछला रिकॉर्ड 27 मई को बना था जब इसने पहली बार 76 हजार को पार करते हुए 76,009.68 अंक को छुआ था। हालांकि, हल्की मुनाफावसूली के कारण सुबह 9:30 बजे तक सेंसेक्स 1,843 अंक या 2.49 प्रतिशत बढ़कर के साथ 75,804 अंक पर और निफ्टी 566 अंक या 2.51 प्रतिशत की तेजी लेकर 23,097 अंक पर कारोबार कर रहा था। बाजार में सकारात्मक रुझान बना हुआ है और एनएसई पर 1,983 शेयर तेजी के साथ और 177 गिरावट में कारोबार कर रहे हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बंपर तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 1,306 अंक या 2.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,012 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 366 अंक या 2.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,050 अंक पर बना हुआ है। इंडिया वीआईएक्स में रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिली है। यह 18.09 प्रतिशत गिरकर 20.15 अंक पर आ गया है। बाजार के करीब सभी सूचकांक हरे निशान में हैं। ऑटो, पीएसयू बैंक, वित्तीय सेवा, धातु, रियल्टी, एनर्जी, पीएसई और इन्फ्रा सूचकांक बड़ी बढ़त के साथ खुले हैं। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एमएंडएम, एलएंडटी, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक सबसे ज्यादा बढ़त में रहने वालों में हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, हांगकांग, सोल और इंडोनेशिया के बाजारों में तेजी है।

## शुरुआती कारोबार में रुपया 38 पैसे की बढ़त के साथ 83 .04 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई( एजेंसी )।** रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 38 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.04 पर पहुंच गया। यह उसका तीन महीने का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी के प्रवाह से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.09 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.04 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 38 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस वर्ष 18 मार्च को रुपया 83.00 के स्तर को पार कर गया था। स्थानीय मुद्रा ने अप्रैल 2023 के बाद से सबसे अधिक एकल-दिवसीय वृद्धि दर्ज की, जब रुपये में 42 पैसा का उछाल आया था। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.42 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.56 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.06 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुक्रवार को लिवाल रहे और शुद्ध रूप से 1,613.24 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर खरीदे। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार की जीत के अनुमान के बीच घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने-आने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। कई 'एग्जिट पोल' में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अनुमान लगाया गया है।


## अमेज़न.इन ने लॉन्च किया भारत में क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट

**बेंगलुरू:** अमेज़न.इन ने आज क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की। क्रिएटर यूनिवर्सिटी एक शैक्षणिक कार्यक्रम है, जिसे कंटेंट क्रिएटरों को गतिशील क्रिएटर अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए ज़रूरी टूल और ज्ञान से लैस करने के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम विभिन्न किस्म के कंटेंट क्रिएटरों की ज़रूरतों पूरा करेगा, जिसमें स्थापित और आकांक्षी इन्फ्लुएंसर दोनों शामिल हैं। यह कार्यक्रम संसाधनों का क्यूरेटेड तरीके से चयन कर प्रतिभागियों को अमेज़न मार्केटप्लेस पर एक वहनीय व्यवसाय विकसित करने के लिए मौलिक ज्ञान और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करता है।

क्रिएटर कनेक्ट व्यक्तिगत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है, जिसे अमेज़न इकोसिस्टम के भीतर क्रिएटरों के लिए कनेक्शन, सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। ये कार्यक्रम दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख बिक्री और अमेज़न पहलों से रणनीतिक रूप से समयबद्ध हैं: आगामी प्रमोशन के लिए उत्साह पैदा करना और अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में नए क्रिएटरों को आकर्षित करना। क्रिएटर कनेक्ट कई तरह के इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करता है, जिसमें इन्फ्लुएंसर द्वारा संचालित वर्कशॉप, अमेज़न के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थापित क्रिएटरों से मिलने के अवसर, प्रोडक्ट शोकेस, ट्रेंड के बारे में चर्चा और बहुत कुछ शामिल हैं। पहला क्रिएटर कनेक्ट इवेंट, अ समर एस्केप, 3 जून, 2024 को मुंबई में शुरू होगा और अमेज़न फैशन की वार्डरोब रिफ्रेश सेल के साथ फैशन और लाइफस्टाइल क्रिएटर्स का एक समुदाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

अमेज़न में डायरेक्टर, शॉपिंग एक्सपीरियंस, इंडिया एंड इमर्जिंग मार्केट्स, किशोर थोटा ने कहा अमेज़न में, हम आज के उपभोक्ताओं पर कंटेंट क्रिएटरों का जो बेइंतहा असर है, हम उसे पहचानते हैं। क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट इन क्रिएटरों को सशक्त बनाने का हमारा तरीका है, चाहे वे स्थापित हों या आकांक्षी। उन्हें वे टूल और ज्ञान प्रदान किये जाएं जिनकी उन्हें अमेज़न इकोसिस्टम में सफल होने के लिए ज़रूरत है।

## एमजी इंडिया ने स्टॉर्म सीरीज में न्यू ग्लोस्टर को लांच किया



**रायपुर ।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया ने भारत में एमजी ग्लोस्टर की नई डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म सीरीज पेश की है। नई एमजी ग्लोस्टर स्टॉर्म सीरीज को बारीकी से डिजाइन किया गया, जो अधिक लग्जीरियस और बोल्ड लुक प्रदान करती है। नई एमजी ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म, ब्लैकस्टॉर्म के तत्वों से प्रेरित डीप गोल्डन एक्सटीरियर के साथ आती है। वहीं, स्नोस्टॉर्म डुअल-टोन पर्ल व्हाइट और ब्लैक एक्सटीरियर में आती है, जो निश्चित रूप से हर जगह सभी का ध्यान आकर्षित करेगी। नई ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म एक डीप गोल्डन एक्सटीरियर के शानदार कंट्रास्ट में आती है, जो कमांडिंग ब्लैक ग्रिल से लेकर रेड कैलिपर्स के साथ ब्लैक अलॉय व्हील्स तक बोल्ड ब्लैक हाइलाइट्स से पंक्चुएटेड है। डार्क-थीम वाले ओआरवीएम, रेड आइल एलईडी हेडलैम्प्स और हाइलैंड्स मिस्ट एलईडी टेललैम्प्स मिस्ट्री का टच जोड़ते हैं, जबकि ऑल-ब्लैक डोर हैंडल, डीएलओ (डेलाइट ओपनिंग) गार्निश, रूफ रेल्स, स्पॉइलर और फेंडर गार्निश असेंबल को पूरा करते हैं। यह हर ड्राइव को स्टाइल और परफॉर्मेंस का स्टेटमेंट बनाते हैं। नए ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म के ब्लैक-थीम वाले इंटीरियर का उद्देश्य ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाना है। अपहोल्स्ट्री से लेकर ट्रिम्स तक, हर तत्व एक जीवंत और प्रीमियम एम्बियंस का प्रतीक है। इसके अलावा, व्हाइट स्टीचिंग के साथ ब्लैक स्टीयरिंग व्हील, व्हीकल की अपील में एक सटल लेकिन विशिष्ट टच जोड़ता है। वहीं, नई ग्लोस्टर स्नोस्टॉर्म का स्लिक सिल्हूट (चमकदार रूपरेखा) एक रीडिफाइंड लग्जीरियस एलीगेंस को प्रदर्शित करता है और एडवेंचर और एक्सप्लोरेशन के लिए मंच तैयार करता है। नए एक्सटीरियर कलर पैलेट के साथ स्नोस्टॉर्म में डुअल-टोन पर्ल व्हाइट और ब्लैक एक्सटीरियर है। रेड इन्सर्ट के साथ हेडलैंप

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 05 जून 2024



## विश्व पर्यावरण दिवस पर निःशुल्क पौधे उपलब्ध रहेगे

**भिलाई (विसं)।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के आवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई वृक्षारोपण करने वाले सभी पर्यावरण मित्रो को एवं आम नागरिको को निःशुल्क रूप से पौधा उपलब्ध करायेगी। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर कुसुम कानन नर्सरी में जाकर पौधा प्राप्त कर सकते है। एक पत्र उद्यान अधिकारी के नाम से देना होगा उसी के अनुरूप आपको पौधे मिल जायेगे। आयुक्त देवेश कुंमार ध्रुव ने सभी नागरिको से अपील की है पर्यावरण असंतुलन एवं बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए वृक्ष ही एक सहारा है जो हमे बचा सकता है।

# आंधी-तूफान से बाधित बिजली आपूर्ति बहाल करने रायगढ़ में युद्धस्तरीय उपाय

**100 पेड़, 73 खंभे, 50 से अधिक फीडर, लाइनें हुए थे ध्वस्त**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 1 जून तथा 2 जून की शाम रायगढ़ में आए आँधी-तूफान-बारिश की वजह से विद्युत वितरण तंत्र को काफी नुकसान पहुंचा। इस प्राकृतिक आपदा में 100 से अधिक पेड़ गिरे, 73 बिजली के खंभे गिरे, तार टूटे, ट्रांसफॉर्मर जले, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 2 दिन-रात जागकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति बहाली हेतु कार्य किया गया जिसके लिए उन्होंने विद्युत कर्मियों की सराहना की है वहीं धैर्य रखने के लिए आम जनता को धन्यवाद प्रेषित किया है।

1 जून की देर शाम करीब 7:30 बजे रायगढ़ में बहुत तेज आँधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इस आंधी-तूफान में बिजली लाइन के ऊपर 100 से अधिक पेड़ गिर गए, जिसके कारण उपकेंद्रों से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर तक प्रभावित हुए। 33 के.व्ही. के 8 फीडरों में से 5, 11 के.व्ही. के 59 फीडरों में से 45, 200 के.व्ही.ए. के 2 तथा 100 के.व्ही.ए. का 6 ट्रांसफॉर्मर और 1 नग 5 डट। पॉवर ट्रांसफॉर्मर ठप्प हो गए। जगह-जगह केबल जलने की घटनाएं हुई। वितरण कंपनी के रायगढ़ क्षेत्र में व्यवधान शुरू होने के समय रात होने के कारण मात्र 35 तकनीकी कर्मचारी ही उपलब्ध हुए, क्योंकि ग्रामीण अंचलों में जा चुके लोगों का आँधी-बारिश में लौटना संभव नहीं था, फिर भी इन 3 दर्जन लाइन स्टॉफ के साथ अधिकारियों के दल ने तत्काल मोर्चा संभाला और आधे घंटे के भीतर ही सुधार और विद्युत आपूर्ति बहाली का काम शुरू कर दिया। जिससे पूरे शहर में ब्लैक-आउट जैसी स्थिति नहीं बन पाई। दूसरे दिन यथासंभव अधिक मानव संसाधन का इंतजाम किया गया, जिससे करीब 70 लोग मरम्मत और बहाली के काम में जुट गए लेकिन 2 जून की शाम को पुनः आँधी-तूफान-बारिश के कारण 33 के.व्ही. से लेकर 11 के व्ही. के आधा दर्जन फीडर फिर बंद हो गए। लाइन से पेड़ों को हटाने तथा झुके हुए एल.टी. खंभों को दुरूस्त करने में स्वाभाविक रूप से जो समय लगता है उससे बहुत कम समय में यह सब कार्य किए गए। इस दौरान 4000 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई जिसका निराकरण किया गया, वहीं बड़े सुधार कार्यों की वजह से इससे कई गुना अधिक लोगों को राहत पहुंचाई गई।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। स्थानीय विधायक तथा राज्य शासन के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न परिस्थिति में एक ओर जहां आम जनता को धैर्य रखने की विनम्र अपील की वहीं विद्युत कर्मियों को भी कठिन परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल द्वारा विद्युत कंपनी की टीम के निरंतर संपर्क में रहकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस तरह प्राकृतिक आपदा के कारण हुए विद्युत अवरोध को अतिशीघ्र दूर करने में सफलता मिली।

### चुनौतीपूर्ण स्थितियों में जोखिम उठाने वाले विद्युत कर्मियों का मनोबल बढ़ाएं

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण तथा वितरण कंपनी के एम.डी. श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विद्युत का पारेषण तथा वितरण तंत्र खुले में रहता है, जिसके कारण इस पर प्राकृतिक आपदा का, तेज आँधी-तूफान, बिजली चमकने-गिरने, बहुत तेज बारिश होने का असर होता है। बिजली के करंट से जनहानि बचाने के लिए ऑटोमेटिक ट्रिपिंग की व्यवस्था भी होती है इसलिए ऐसे समय में विद्युत उपभोक्ताओं का धैर्य ही सुधार कार्य करने वालों का संबल होता है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने जनता से यह अपील की है कि किसी भी स्थान पर ऐसी परिस्थितियों में धैर्य रखें क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने आम जनता से निवेदन किया है कि आपदा से निपटने तथा विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में विद्युत कर्मियों को सहयोग प्रदान करें। विद्युत संचालन-संधारण की कार्यदशाओं और विपरीत मौसम में होने वाले जोखिम को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के लिए उनका मनोबल बना रहे।

# शंकर नगर मंदिर, रायपुर में समाज सेवी प्रवीण जैन झांसी को भावभीनी श्रद्धांजलि





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड के वरिष्ठ समाजसेवी दैनिक विश्व परिवार झांसी के संपादक श्री प्रवीण जैन का गत दिवस आकस्मिक देवलोक गमन हो जाने पर आज श्री चंद्र प्रभ् दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वे श्री प्रदीप जैन (विश्व परिवार) रायपुर के अनुज थे।

श्रद्धांजलि सभा में बाल ब्रह्मचारी श्री सुनील भैया जी ने कहा कि प्रवीण जी के आज अधूरे कार्यों को कृतत्व बुद्धि से नहीं कर्तव्य बुद्धि से पूर्ण करना उन्हे सच्ची विनयांजली होगी। बा0 ब्र0 श्री पंकज भैया जी ने कहा कि वे विगत 25 वर्षो से प्रवीण जी की समाज सेवी कार्यो से अवगत रहे है। श्री मनीष जैन अध्यक्ष मंदिर समिति ने कहाकि अंत समय मे शुभभाव रखकर प्रवीण जी ने उच्च गति को पाया है।

श्री सुरेश मोदी, श्री राजेंद्र उमाठे, श्री श्रेयस जैन, श्री राजेश रज्जन, श्री अभिषेक जैन आदि ने उन्हें बुंदेलखंड ही नहीं संपूर्ण जैन समाज का वरिष्ठ समर्पित समाजसेवी बताया। उन्होंने सदैव देव, शास्त्र, गुरु की सेवा करते हुए कम आयु में ही सैकड़ो ऐसे कार्य किए जिन्हे सदैव याद रखा जाएगा जिनमे करगुवां जी अतिशय क्षेत्र, झांसी का विकास प्रमुख है।

इस अवसर पर सभा में रायपुर के विभिन्न अंचलों से समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि सम्मिलित हुए सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। णमोकार मंत्र का पाठ किया गया। सभा का संचालन श्री विजय कस्तूरे एवं श्री अजय जैन ने किया।

## पुलिस अधीक्षक डायल-112 ने कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** डायल 112 के द्वारा छ0ग0 में अपराध नियंत्रण, जनकल्याण एवं आपातकालीन सेवा के दृष्टिकोण से कार्य किया जा रहा है। सेन्ट्रलाईज्ड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर डायल 112, सिविल लाईन रायपुर में कार्यरत कॉल टेकर जिनके द्वारा लगातार सूचना प्राप्त कर जन सामान्य को त्वरित सहायता पहुँचाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कॉल टेकर्स को उत्सावर्धन हेतु पुलिस मुख्यालय (योजना प्रबंध एवं तकनीकीय सेवायें) द्वारा प्रशस्ति पत्र जारी कर सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में डायल 112 सी-4 सिविल लाईन रायपुर में कार्यरत कॉल टेकर सुष्मिता प्रधान, हुकुमचंद पटेल, किरन ध्रुव एवं रानू पटेल को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र को आज सी-4 के सभागृह में हेमसागर सिदार, पुलिस अधीक्षक डायल 112 एवं उप पुलिस अधिक्षक के.पी.एस. ध्रुर्वे द्वारा सुष्मिता प्रधान, हुकुमचंद पटेल, किरन ध्रुव एवं रानू पटेल को प्रशस्ति पत्र वितरित कर पुरस्कृत किया गया जिस दौरान डायल 112 के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव परिणाम पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की प्रतिक्रिया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 400 पार



का दंभ भरने वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाये। 10 साल के तानाशाही और गैर प्रजातांत्रिक चरित्र वाली मोदी सरकार की विदाई देश की जनता ने सुनिश्चित कर दिया है। पूरा भरोसा है प्रजातांत्रिक मूल्यों को समर्पित तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को प्रतिबद्ध समान विचारधारा वाले गैर भाजपाई दलों के साथ देश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। देश का जनादेश नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ आया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये है। हमें बेहतर परिणाम की अपेक्षा थीं। राज्य में आये इस चुनाव परिणाम से निराश जरूर है, हताश नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं, नेताओं ने बढ़िया लड़ाई लड़ी। आगे भी राज्य में मजबूत विपक्ष के रूप में हम जनसरोकारों के लिये संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने को प्रतिबद्ध है।




### वोटर हेल्पलाइन एप और भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में मिलेगी परिणाम की अद्यतन जानकारी

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के मतगणना परिणाम की अद्यतन जानकारी भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट https://results.eci.gov.in/ और वोटर हेल्पलाइन एप में प्राप्त की जा सकती है।

